आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
वर्ष-11 । अंक 160 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण
इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शनिवार, 14 जून, 2025

## अहमदाबाद विमान हादसे का दूसरा दिन : DGCA सख्त और एजेंसियां जांच में जुटीं

# घायलों से मिले पीएम मोदी, ब्लैक बॉक्स मिला

**एजेंसी ● अहमदाबाद**

अहमदाबाद में एअर इंडिया फ्लाइट AI-171 हादसे के एक दिन बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिए पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था। घायलों से मिले पीएम मोदी। एअर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई। मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक-एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के DNA टेस्ट लिए जा रहे हैं। रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी को DNA टेस्ट के बाद परिजन को सौंप दी गई है। 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे के वक्त हॉस्टल में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

### विमानों की सुरक्षा जांच बढ़ाने के आदेश

विमानन नियामक डीजीसीए ने एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का शुक्रवार को आदेश दिया। यह आदेश अहमदाबाद में एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार 241 लोगों की मौत होने के एक दिन बाद दिया गया है। डीजीसीए के विस्तृत निरीक्षण के तहत टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की विभिन्न प्रणालियों की जांच और 'टेक-ऑफ' (उड़ान भरने संबंधी) मापदंडों की समीक्षा की जाएगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं।

### मेडिकल कॉलेज से ब्लैक बॉक्स बरामद

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने शुक्रवार को कहा कि एअर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। विमान का ब्लैक बॉक्स बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। एएआईबी ने एक बयान में कहा, ''एएआईबी ने तुरंत काम शुरू कर दिया। राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारियों ने दुर्घटनास्थल पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय की टीमों के साथ जांच में भाग लिया। छत से डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) बरामद कर लिया गया है।

### टाटा समूह ने कर्मचारियों को लिखा पत्र

टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा कि यह कठिन समय है, लेकिन कंपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटेगी और जांच में पूरी पारदर्शिता बरतेगी। उन्होंने कहा कि जब टाटा ने एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था, तब यात्रियों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता थी और इसमें कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम रूम के बाहर शव मिलने का इंतजार करते परिजन....











### घायलों से मिले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हादसे की जगह का दौरा किया और अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। उन्होंने घटनास्थल पर करीब 20 मिनट बिताए और बाद में संबंधित अधिकारियों से बैठक कर जानकारी ली। प्रधानमंत्री हादसे में बचने वाले इकलौते शख्स रमेश विश्वास कुमार से भी मुलाकात की।



### दिवंगत पूर्व सीएम रुपाणी के परिजनों से मिले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के परिजनों से मुलाकात की। पीएम ने कहा कि मैं उन्हें दशकों से जानता था। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। इसमें सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल है। अंजलि रुपाणी और परिवार के अन्य सदस्यों से एयरपोर्ट के पास गुजसेल भवन में मुलाकात की।

### आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया

अहमदाबाद पुलिस ने एअर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है। मेघाणीनगर थाने द्वारा बृहस्पतिवार शाम दर्ज की गई आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट के अनुसार, उसे दुर्घटना और उसके बाद लगी आग की सूचना अपराह्न करीब एक बजकर 44 मिनट पर मिली। पुलिस शिकायत में कहा गया है कि अग्निशमन अभियान के दौरान पुलिस को पता चला कि अधिकतर यात्री और चालक दल के सदस्य जलकर मर गए थे और उनके शवों को एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल ले जाया गया। साथ ही चिकित्सकों के आवास में रहने वाले लोगों की भी हादसे में मौत हो गई। उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी ध्रुमित गांधी ने शुक्रवार को कहा, हमारा राहत एवं बचाव अभियान सुबह समाप्त हो गया और घटनास्थल को फॉरेंसिक विशेषज्ञों तथा नागर विमानन अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

### क्रैश साइट पर पहुंची एनआईए

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने भी क्रैश साइट का दौरा किया। वहीं, अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने कहा है कि वे एक जांच टीम भारत भेज रहे हैं जो AAIB को इस हादसे की जांच में सहायता करेगी। विमानन विशेषज्ञों ने कहा कि ब्लैक बॉक्स की जांच पूरी होने के बाद ही असली वजह सामने आ सकेगी। विशेषज्ञ सरोज दमाडिया ने कहा, तकनीकी गड़बड़ी, फ्लैप या इंजन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए ब्लैक बॉक्स की रिकॉर्डिंग से जो डाटा मिलेगा, वही असल कारण बताएगा।

### ब्रिटिश उच्चायुक्त ने अहमदाबाद में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने शुक्रवार को अहमदाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि दोनों देश एअर इंडिया विमान दुर्घटना के तथ्यों का पता लगाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं जिसमें 52 ब्रिटिश नागरिकों सहित 265 लोग मारे गए है।

कैमरन ने सोशल मीडिया मंच एक्सपर एक पोस्ट में कहा, मैंने आज सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। हमने इस दुखद हादसे पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और अहमदाबाद में अथक प्रयास करने वाले प्रथम प्रतिक्रिया दल के काम के लिए धन्यवाद दिया। ब्रिटेन और भारत तथ्यों का पता लगाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

## एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग : बम होने की सूचना

### फुकेट से दिल्ली आ रहा था; 156 यात्री सवार थे

**एजेंसी ● बैंकॉक**

थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट AI-379 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां प्लेन में बम होने की सूचना मिली थी। विमान में 156 लोग सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने फ्लाइट ट्रैकर 'फ्लाइट्रेडर24' के हवाले से बताया कि एअर इंडिया की फ्लाइट ने फुकेट एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे (स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे) टेकऑफ किया था। विमान अंडमान सागर के ऊपर




एक बड़ा चक्कर लगाते हुए पलटा और करीब 20 मिनट बाद फुकेट में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग की। सभी यात्री और क्रू सेफ हैं, किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है। नेशन थाईलैंड ने बताया कि बम की धमकी मिलते ही फुकेट एयरपोर्ट ने एयरपोर्ट कंटिन्जेंसी प्लान (ACP) एक्टिवेट कर दिया। एयरपोर्ट अफसरों ने कहा कि धमकी को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। ज्यादा जानकारी मिलने पर अपडेट दिया जाएगा।

## ईरान पर फिर से इजराइली एयरस्ट्राइक शुरू :तेहरान में कई जगह धमाके; अब तक 78 की मौत, इनमें 6 वैज्ञानिक और 4 मिलिट्री कमांडर

**एजेंसी ● तेहरान/तेल अवीव**

इजराइल ने फिर से ईरान में एयरस्ट्राइक शुरू कर दी है। राजधानी तेहरान में कई जगह पर धमाकों की आवाज सुनी गई है। इससे पहले आज सुबह 200 इजराइली फाइटर जेट्स से ईरान के 6 ठिकानों पर हमला किया था।

इजराइली हमले में अब तक 78 लोग मारे गए और 329 घायल हुए हैं। मरने वालों में ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक और टॉप 4 मिलिट्री कमांडर समेत 20 सैन्य अफसर हैं।

इजराइली हमले के जवाब में ईरान ने दोपहर में पलटवार किया और 100 से ज्यादा ड्रोन दागे। इजराइली सेना (IDF) ने दावा किया है कि उन्होंने सभी ड्रोन मार गिराए। अभी तक एक भी ड्रोन इजराइल की सीमा में नहीं पहुंचा।

इस बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने पीएम मोदी से फोन



पर बात कर मिडिल ईस्ट के हालात की जानकारी दी। नेतन्याहू जल्द ट्रम्प और पुतिन से बात करेंगे। इससे पहले आज सुबह इजराइल ने ईरान पर 200 फाइटर जेट्स से हमला किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइली सेना ने तेहरान के आसपास कम से कम 6 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन 6 में से 4 जगहों पर परमाणु ठिकाने भी मौजूद हैं।

### ईरान के IRGC कमांडर की मौत

ईरान के सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि इजराइली हमले में इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) के कमांडर हुसैन सलामी की मौत हो गई है।

अल-जजीरा के मुताबिक हमले में ईरान के दो प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक मोहम्मद मेहदी तेहरांची और फरदून अब्बासी भी मारे गए हैं।

इजराइल ने यह दावा किया है कि हमले में ईरान के आर्मी चीफ मोहम्मद बाघेरी, सेना के अन्य बड़े अधिकारी और कुछ वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं।

इस बीच, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई ने कहा कि हमारी सेना इजराइल को सजा दिए बिना नहीं जाने देगी।

## प्रदेश में यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम की होगी शुरूआत : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ आमजन को आसानी से दिलाने के लिए यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम तैयार किया जाए। जिसमें विभिन्न विभागों की सेवाएं एक साथ जोड़कर, आमजन को एक ही स्थान पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। यूनिफाइड पोर्टल को विभिन्न विभागों की 1700 सेवाओं को जोड़कर लांच किया जाए। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागों की जानकारी आमजन को आसानी से मिल सके, इसके लिए जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। जनता को विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों की जानकारी देने के उद्देश्य से होर्डिंग्स लगाए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को



मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि उज्जैन में सिंहस्थ-2028 में विभिन्न तकनीकी कार्यों एवं व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन में नवीन प्रौद्योगिकी की मदद ली जाए। इसे सुनिश्चित करने के लिए एमपीएसइडीसी सॉफ्टवेयर/ऐप तैयार करें और नगरीय विकास एवं आवास विभाग को भी निर्देशित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने नवीन ड्रोन नीति तैयार कर इसे लागू किया है। प्रदेश में कानून और व्यवस्था नियंत्रण के लिए ड्रोन का उपयोग बढ़ाने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई जाए। इसके साथ ही शहरी यातायात प्रबंधन के लिए भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

### 21 जून को उज्जैन के डोंगला में आयोजित होगी राष्ट्रीय कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को उज्जैन में 'खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन होगा। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं अन्य सहयोगियों की ओर से यह कार्यशाला डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप, व्याख्यान एवं परिचर्चा जैसी गतिविधियां होंगी।

### ड्रोन से निगरानी तंत्र को मजबूत कर डेटा संग्रहण क्षमता बढ़ाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून और व्यवस्था नियंत्रण के लिए ड्रोन के उपयोग की व्यापक कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि शहरी यातायात प्रबंधन के लिए भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ड्रोन के माध्यम से निगरानी तंत्र को मजबूत करते हुए डेटा संग्रहण क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रदेश सरकार ने नवीन ड्रोन नीति तैयार कर इसे लागू किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जानकारी दी गई कि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, रेरा, लोक निर्माण, जल संसाधन सहित विभिन्न विभागों की परियोजनाओं में सर्वेक्षण एवं निगरानी कार्य के लिए ड्रोन की सहायता ली जा रही है।

## महिलाओं की अनकही कहानियों को धातु और यादों से उकेरने वाली मूर्तिकला प्रदर्शनी

# रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट की स्नातक सोनाक्षी ने पेश किया 'ज़ात'

### लंदन की भारतीय कलाकार ने नई दिल्ली के ब्रिटिश काउंसिल में प्रदर्शनी के ज़रिए नारीत्व की पुरानी सोच को चुनौती दी

**संवाददाता ● नई दिल्ली**

ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग की गैलरी में "ज़ात" प्रदर्शनी पेश की जाएगी, जो सोनाक्षी की एक गहरी और प्रभावशाली मूर्तिकला कृति है। यह प्रदर्शनी मां-बेटी की पीढ़ियों की यादों को पारिवारिक चीज़ों, धातु और उनके अर्थों के ज़रिए सामने लाती है। यह प्रदर्शनी 11 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टडी यूकेः क्रिएटिव कनेक्शन्स II के हिस्से के रूप में चलेगी।

**प्रदर्शनी**

आगरा में जन्मी और अब लंदन में रहने वाली सोनाक्षी चतुर्वेदी अपनी पेंटिंग, इनैमलिंग और रत्नों की जानकारी को मिलाकर यह सवाल उठाती हैं कि महिलाओं की कहानियां कैसे याद रखी जाती हैं—या जानबूझकर भुला दी जाती हैं। यह प्रदर्शनी दुल्हन, मां और दादी जैसे पारंपरिक रोल्स पर सवाल उठाती है और भारतीय उपमहाद्वीप की हस्तकला परंपराओं में छिपी अनकही इच्छाओं को उजागर करती है। 2024 में मशहूर रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट से ज्वैलरी और मेटल में एमए पूरा करने वाली सोनाक्षी नई पीढ़ी की कलाकार हैं, जो पुरानी हस्तकला को आधुनिक कला के साथ जोड़ रही हैं। रत्न विशेषज्ञ होने के साथ-साथ इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स (संस्कृति मंत्रालय) में शोधकर्ता के रूप में उनका अनुभव उन्हें दक्षिण एशियाई समाजों में गहनों और विरासत के सांस्कृतिक मायने समझने की गहरी समझ देता है।

सोनाक्षी बताती हैं, "ज़ात की शुरुआत मेरी अपनी पुरानी यादों को सहेजने के लिए हुई थी, लेकिन यह जल्द ही एक तरह का दावा बन गया—उन पारिवारिक चीज़ों को खोजने का, जिनमें उन महिलाओं का चुपके से किया गया विरोध छिपा था, जिन्हें सिर्फ़ मां, दुल्हन या दादी के रूप में जाना गया। अपनी मूर्तियों के ज़रिए, मैं मां-बेटी की विरासत को चीज़ों की यादों के रूप में सहेजती हूं—ताकि आने वाली पीढ़ियों की महिलाएं उन्हें सिर्फ़ उनके रोल्स से



नहीं, बल्कि उनकी ख्वाहिशों, आज़ादी और आवाज़ के साथ जानें।"

#### चीज़ों में बसी यादें

"ज़ात" का मतलब है अपनी असली पहचान। इस प्रदर्शनी में आने वाले लोग पीतल, सफेद धातु, कोल्ड इनैमल, रेज़िन-बेस्ड इनैमल और रत्नों से बनी मूर्तियों को देखेंगे, जो कलाकार की दादी के शादी के सामान से प्रेरित हैं। बाहर से ये मूर्तियां पुरानी, मैटेलिक और सादी लगती हैं—जो परंपराओं और घरेलू ज़िम्मेदारियों के बोझ को दिखाती हैं। लेकिन अंदर से ये रंग-बिरंगे, चटकीले और सपनीले रंगों से भरी हैं—जो छिपी इच्छाओं, जवानी और व्यक्तित्व की दुनिया को उजागर करती हैं। ये अलग-अलग सतहें उन पीढ़ियों की महिलाओं की कहानी कहती हैं, जिन्हें सिर्फ़ पत्नी, माँ या दादी के रूप में याद किया गया, लेकिन जिनके अंदर एक रंगीन और जीवंत दुनिया थी। ज़ात इन पारिवारिक चीज़ों से प्रेरित मूर्तियों को यादों के बर्तनों में बदल देता है—जो न सिर्फ़ विरासत को सहेजता है, बल्कि उन अनकही बातों को भी सामने लाता है।

सोनाक्षी चतुर्वेदी का पेशेवर अनुभव जयपुर के द जेम पैलेस, ज़ोया बाय टाटा, हाल ही में ओलंपिया ऑक्शन्स और लंदन में वेदांता द्वारा बनाए गए रिवरसाइड स्टूडियोज़ जैसे बड़े नामों तक फैला है, जिसने उन्हें पारंपरिक भारतीय गहनों और आधुनिक कला की गहरी समझ दी है।

#### बड़े सांस्कृतिक प्रोग्राम का हिस्सा

"ज़ात" ब्रिटिश काउंसिल की बेस्ट ऑफ ब्रिटिश सीरीज़ का हिस्सा है, जो यूके के उन पूर्व छात्रों को सेलिब्रेट करती है जो दुनिया भर में सांस्कृतिक बातचीत को आकार दे रहे हैं। स्टडी यूकेः क्रिएटिव कनेक्शन्स II प्रोग्राम यूके की शिक्षा के वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है, जो कला में नई सोच और सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देता है।

#### आने वाला भविष्य

फिलहाल जेम-ए (FGA) के साथ रत्नों की पढ़ाई और यूके के कलाकारों के साथ इनैमलिंग को और बेहतर करते हुए, सोनाक्षी डॉक्टरेट की पढ़ाई करने की योजना बना रही हैं ताकि सांस्कृतिक और लैंगिक पहचान पर अपनी कला को और गहरा सकें और हस्तकला आधारित सांस्कृतिक बातचीत में योगदान दे सकें।

#### प्रदर्शनी का विवरण

क्याः ज़ात बाय सोनाक्षी
कहांः गैलरी, ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली
कबः 11 जून – 31 जुलाई 2025
उद्घाटन समारोहः 10 जून 2025
प्रवेशः मुफ़्त
गैलरी समयः सुबह 10 बजे – शाम 6 बजे
कलाकार के बारे मेंः सोनाक्षी एक बहु-आयामी कलाकार, रत्न विशेषज्ञ और शोधकर्ता हैं, जिनका काम औपनिवेशिक दौर के बाद की भौतिक यादों, लैंगिक गहनों और मां-बेटी की विरासत को हस्तकला, धातु कार्य और कहानी कहने के ज़रिए खोजता है। उन्होंने रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट, लंदन (2024) से ज्वैलरी और मेटल में एमए, NIFT बेंगलुरु (2022) से एक्सेसरी डिज़ाइन में B.Des, और IGI दुबई (2022) से ग्रेजुएट जेमोलॉजिस्ट की डिग्री हासिल की है।

## शॉट न्यूज

### महिला प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर गोस्वामी को दी बधाई

**भोपाल।** श्रीमती आशा गोस्वामी भोपाल मध्य प्रदेश को अखिल भारतीय गोस्वामी सभा दिल्ली महिला प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड का प्रभारी बनाए जाने पर अखिल भारतीय गोस्वामी सभा दिल्ली की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती उत्कर्षा गिरी गोस्वामी जी किरण गोस्वामी अर्चना गोस्वामी राधा गिरि मनीषा गिरि कविता गिरि प्रीति गिरि मंजू गिरि नीलम गिरि हिमाली गिरि मिनाक्षी भारती अनीता गोस्वामी साधना गोस्वामी सीमा गोस्वामी रेखा गोस्वामी उर्मिला गोस्वामी तुलसी लक्ष्मण गिरी गोस्वामी ने बधाई शुभकामनाये दी।



### जॉब के नाम पर महिला से की लाखों रुपए की धोखाधड़ी

**इंदौर।** शहर में पार्ट टाइम जॉब दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। महिला के साथ 24 लाख से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी हेमलता पति शिव कुमार चौरसिया (35) निवासी कनक स्मार्ट सिटी की रिपोर्ट पर क्राइम ब्रांच पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दजी किया है। फरियादी हेमलता ने पुलिस को बताया कि 15 अक्टूबर 2024 को उसके मोबाइल पर मैसेज आया कि पार्ट टाइम जॉब के लिए टास्क देने के नाम पर ठग ने विभिन्न बैंक खातों से लगभग 24 लाख 16 हजार 533 निकल लिए। क्राइम ब्रांच आरोपी की तलाश कर रही है।

### बहू ने पिता और भाई के साथ मिलकर सास को बेरहमी से पीटा

**इंदौर।** पलासिया इलाके में एक बहू ने अपने पिता और भाई के साथ मिलकर सास के साथ बेरहमी से मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। घटना साकेत नगर क्षेत्र की है। यहां रहने वाली ममता पति हरी खंडेलवाल 57 साल की रिपोर्ट पर पुलिस ने बहू तनीषा, उसके पिता राजेश पिता शंकरलाल खंडेलवाल निवासी महालक्ष्मी नगर और भाई प्रथम खंडेलवाल के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी ममता खंडेलवाल ने पुलिस को बताया कि बहु तनीषा किचन में आई और थाली में सब्जी रोटी लेने लगी तो मैंने कहा कि रोटी कम है मैंने सेंडविच बनाया है खा ले इसी बात को लेकर वह क्रोधित हो गई और उसने मेरे ऊपर थाली उछाल दी जिससे मेरे सिर पर लगी मैंने शोर मचाया तो तनीषा ने गालियां दी। गाली देने से मना किया तो मारपीट की और फिर अपने पिता राजेश और भाई प्रथम को फोन कर बुला लिया।

## तनाएरा पहली बार साड़ियों पर लेकर आई 40 फीसदी छूट

### वित्तीय वर्ष 25 में ₹30 फीसदी बढ़ोतरी के बाद की यह घोषणा

**संवाददाता ● भोपाल**

टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने वित्तीय वर्ष 25 में ₹30 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की और वित्तीय वर्ष 26 में भी शानदार शुरूआत की है। अपने उपभोक्ताओं को शादी-ब्याह की खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करते हुए तनाएरा विकास के इन रूझानों को लगातार जारी रखे हुए है। इसी क्रम में ब्राण्ड देश भर में अपनी पहली सेल लेकर आई है, जिसके तहत शुद्ध एवं प्राकृतिक फैब्रिक से बने परिधानों की सभी कैटेगरीज़-साड़ियों, रैडी-टू-वियर एन्सेम्बल्स, अनस्टिच्ड कुर्ता सेट और फेस्टिव लहंगा पर 40 फीसदी तक की छूट की घोषणा की गई है। देश के 41 शहरों में 80 स्टोर्स के नेटवर्क के साथ तनाएरा ने उपभोक्ताओं के पसंदीदा एथनिक वियर डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बना लिया है। त्योहारों की शुरूआत के साथ इस सेल की घोषणा से उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं प्रमाणित फैब्रिक से बने प्रोडक्ट्स खरीदने का मौका मिलेगा, ऐसे में वे तनाएरा के विशेष डिज़ाइनों के साथ-साथ बेजोड़ कीमतों पर खरीददारी का भी अनुभव पा सकेंगे।

**घोषणा**

इस अवसर पर श्री सोमप्रभ कुमार सिंह, चीफ़ सेल्स एण्ड मार्केटिंग ऑफिसर ने कहा, ''हम पहली बार इतनी व्यापक रेंज पर छूट के ऑफर लेकर आए हैं, जहां हमारे प्रोडक्ट्स 40 फीसदी तक के डिस्काउन्ट पर उपलब्ध हैं। इस ऑफर के साथ-साथ हमारे उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं समृद्ध प्रोडक्ट्स तो मिलते ही हैं, जिनके लिए तनाएरा को जाना जाता है। प्रमाणित स्त्रोतों से खरीदे गए हस्तनिर्मित उत्पादों की व्यापक रेंज तथा हर पीस में शुद्धता एवं गुणवत्ता के वादे के साथ हम अपने समझदार उपभोक्ताओं को सही मायनों में खास अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।' बनारसी, कांजीवरम, जामदानी से लेकर टसर तक ब्राण्ड की हर पेशकश उन कलाकारों को सम्मान देती है, जो भारत की बुनाई की धरोहर को संरक्षित रखे हुए हैं। तनाएरा का हर स्टोर साड़ी प्रशंसकों के लिए स्वर्ग की तरह है, जहां वैडिंग ज़ोन, फेस्टिव एडिट कॉर्नर और रोज़ाना के असेन्शियल्स सभी एक ही छत के नीचे मौजूद हैं। उपभोक्ता अन्य बुनकर समुदायों जैसे सिल्क, कॉटन, इकत, कोटा डोरिया, चंदेरी, माहेश्वरी, साउथ सिल्क, संबलपुरी और वीगन कलेक्शन की शानदार रेंज में से भी खरीददारी कर सकते हैं। गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्ध तनाएरा शुद्ध ज़री कांजीवरम की असली कारीगरी का सर्टिफिकेट भी देती है और सुनिश्चित करती है कि इसका हर पीस भारत की समृद्ध टेक्सटाईल धरोहर का जश्न मनाए। उपभोक्ता भोपाल के एमपी नगर पर स्थित तनाएरा के शोरूम में इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

## यात्री सुरक्षा के तहत स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्ति पर रेल अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही

**भोपाल।** भोपाल मंडल पर 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' अभियान के अंतर्गत यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर सतर्कता एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 पर एक संदिग्ध व्यक्ति को यात्रियों का सामान चोरी करने की नीयत से घूमते हुए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पकड़ा गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि शाम 6 बजे आरपीएफ के आरक्षक श्री कृष्ण कुमार एवं आरक्षक श्री अनिल शर्मा द्वारा उक्त संदिग्ध व्यक्ति को संदेहास्पद गतिविधियों के आधार पर रोका गया। पूछताछ में उसकी पहचान राहुल जाट, उम्र – 32 वर्ष, निवासी ग्राम कन्हैया, भोपाल (म.प्र.) के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान उसके पास कोई वैध यात्रा दस्तावेज अथवा चोरी का सामान प्राप्त नहीं हुआ, किंतु उसकी गतिविधियाँ संदिग्ध पाई गईं। बिना टिकट यात्रा और संदेहास्पद रूप से स्टेशन परिसर में घूमने पर उसके विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 145 व 147 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की गई। उक्त आरोपी को अग्रिम कानूनी प्रक्रिया हेतु माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। रेल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसरों में अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे तत्वों पर निगरानी एवं कार्यवाही की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।



## NUCFDC ने UCBS के लिए 'सहकार पाठशाला' राष्ट्र-स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया



**संवाददाता ● मुंबई**

नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (NUCFDC) ने अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों (UCBs) की कार्यकुशलता और सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'सहकार पाठशाला' नामक राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। 'सहकार पाठशाला' कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र पुणे स्थित कॉसमॉस बैंक के मुख्यालय में आयोजित किया गया। श्री प्रभात चतुर्वेदी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, NUCFDC; श्री पद्मभूषण बहादुरे, चीफ़ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, NUCFDC; कॉसमॉस बैंक के अध्यक्ष एडवोकेट प्रह्लाद कोकरे जी और TJSB सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री शरद गांगल जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना और कर्नाटक समेत विभिन्न राज्यों के शहरी सहकारी बैंकों के सीईओ और निदेशक-level वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। यह राष्ट्रीय स्तरीय पहल शहरी सहकारी बैंकों को आधुनिक बैंकिंग, वित्तीय प्रबंधन और डिजिटल तकनीकों में प्रशिक्षित कर उनकी कार्यक्षमता और सेवा गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।



इस पहल के बारे में बात करते हुए, श्री प्रभात चतुर्वेदी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, NUCFDC ने कहा, "यह अर्बन कोऑपरेटिव बैंकिंग क्षेत्र को भविष्य के लिए तैयार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत सरकार के 'सहकार से समृद्धि' के विजन के अनुरूप, सहकार पाठशाला कार्यक्रम का उद्देश्य UCBs के अनुपालन ढांचे को मजबूत करना और उन्हें गतिशील, डिजिटल रूप से सशक्त तथा भविष्य-उन्मुख संस्थान बनाना है। यह केवल कुशलता बढ़ाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक क्षमता रूपांतरण कार्यक्रम है। यह पहल क्षेत्रीय उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और बदलते वित्तीय माहौल में शहरी सहकारी बैंकों के सतत विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में है।" यह संरचित और बहुआयामी प्रशिक्षण मंच अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों (UCBs) के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है, जो केवाईसी अनुपालन, धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन, और ट्रेजरी प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यावहारिक जानकारियां प्रदान करता है। इस कार्यक्रम को खासतौर पर UCBs के लिए डिज़ाइन किया गया है, इसमें संचालन-व्यवस्था एवं अनुपालन को मजबूत करने, जोखिम प्रबंधन और विकास को गति देने के लिए कुशल नेतृत्व विकसित करने, कर्मचारियों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने तथा टेक्नोलॉजी एवं आईटी उपकरणों को बेहतर तरीके से अपनाने के माध्यम से डिजिटल बदलाव को गति देने पर अधिक ध्यान दिया गया है।

## श्मीरी व्यंजन का लुफ्त उठा सकेंगे भोपालवासी

### कोलार रोड पर खुल गया प्राइड ऑफ़ कश्मीर

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपालवासियों के लिए खुशखबरी है कि वे बिना कश्मीर जाए भोपाल में ही कश्मीरी व्यंजनों का लुफ्त कश्मीरी मसालों के साथ उठा सकेंगे। राजधानी के कोलार मार्ग स्थित मंदाकिनी रोड पर प्राइड ऑफ़ कश्मीर रेस्टोरेंट का हाल में शुभारंभ हुआ है, जहां विभिन्न प्रकार की कश्मीरी डिश उपलब्ध रहेंगी । यहां उपलब्ध कश्मीरी भोजन, पंजाबी और नॉर्थ इंडियन डिश की खासियत है कि यह सभी कश्मीरी मसाले




से तैयार होंगे। इनमें वेज और नॉनवेज दोनों डिश को शामिल किया गया है। इसके लिए वेज और नॉनवेज किचन अलग-अलग बनाए गए हैं। जिनके बनाने वाले भी अलग-अलग होंगे। बेहद आकर्षक और साज सज्जा के साथ शुरू हुआ प्राइड ऑफ़ कश्मीर रिसॉर्ट एंड क्यूसिन क्रिएट्स रेस्टोरेंट में प्रवेश करते ही करते ही कश्मीरी



वातावरण का अनुभव कराता है। भूतल पर और संगीत के साथ बैठने की व्यवस्था है। वहीं प्रथम तल पर डल लेक की तरह शिकारा भी मौजूद है। शिकारा में 7 से 8 लोग बैठकर भोजन कर सकेंगे । उनके लिए ड्रेसिंग रूम भी है। जहां कश्मीरी परिधान भी पहनकर फोटो भी खींच सकेंगे।

## बीडीए का बाबू दस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### नामांतरण कराने के एवज में मांगी थी रिश्वत, चार महीने से अटका रखा था काम

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के बाबू को लोकायुक्त ने दस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। फरियादी ने 4 महीने पहले अपने मकान के नामांतरण का आवेदन दिया था। बाबू बिना रिश्वत लिए नामांतरण नहीं होने दे रहा था। तंग आकर युवक ने लोकायुक्त को लिखित शिकायत की। शिकायत की जांच के बाद शुक्रवार दोपहर ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बैरसिया रोड निवासी घनश्याम राठौर ने आवेदन देकर बताया कि बीडीए का बाबू शहाब उद्दीन सिद्दीकी उनके मकान



के नामांतरण के एवज में फीस से अतिरिक्त दस हजार रुपए देने की मांग कर रहा है। मांग पूरी नहीं करने पर चार महीने से उनके काम को अटका रखा है। शिकायत की जांच के बाद शुक्रवार को आरके सिंह उप पुलिस अधीक्षक की टीम ने आरोपी को ट्रेप कर लिया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### भाभा विश्वविद्यालय, के फार्मेसी संकाय द्वारा ग्रीन ड्रग एनालिसिस पर

## राष्ट्रीय स्तर की FDP सह कार्यशाला का आयोजन



**संवाददाता ● भोपाल**

भाभा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा दिनांक 12 जून 2025 को "हाइड्रोट्रॉपिक एनालिसिस (ग्रीन एनालिसिस) ऑफ ड्रग्स विदआउट इनवॉल्वमेंट ऑफ ऑर्गेनिक सॉल्वेंट्स" विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) सह कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन (IPA), एसोसिएशन ऑफ फार्मास्युटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया (APTI) और मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (MPCST) के सहयोग से आयोजित किया गया, जिससे इसकी राष्ट्रीय मान्यता और शैक्षणिक महत्व और बढ़ गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप

**आयोजन**



प्रज्वलन एवं डीन फार्मेसी प्रोफेसर (डॉ) शैलेश कुमार घटवारी के स्वागत भाषण से हुई, उन्होंने कहा कि यह आयोजन विज्ञान, स्थिरता और सहयोग का उत्सव है - ज्ञान साझा करने, नवाचार को प्रेरित करने और जिम्मेदार दवा प्रथाओं को बढ़ावा देने का एक मंच इसके पश्चात माननीय कुलपति महोदय द्वारा उद्घाटन भाषण दिया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राजेश माहेश्वरी, जो हाइड्रोट्रॉपिक सॉल्यूबिलाइजेशन तकनीक के आविष्कारक हैं, ने महत्वपूर्ण संबोधन दिया।

#### कार्यक्रम की प्रमुख झलकियाँ

- मुख्य अतिथियों का सम्मान एवं अभिनंदन।
- केमिस्ट्री लैब में हाइड्रोट्रॉपिक एनालिसिस का लाइव डेमो।
- शिक्षकों, शोधार्थियों और छात्रों की उत्साही भागीदारी।
- सहभागियों को प्रमाण पत्र वितरण एवं सामूहिक चित्र सत्र।
- कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण-संवेदनशील और टिकाऊ विश्लेषण विधियों से अवगत कराना था।
- कार्यक्रम का समापन फीडबैक संग्रहण, धन्यवाद ज्ञापन, और भोज के साथ हुआ।
- यह कार्यशाला फार्मास्युटिकल शिक्षा में ग्रीन केमिस्ट्री को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रभावशाली प्रयास साबित हुई।
- इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ दिलीप कुमार डे, प्रति कुलगुरु डॉ एन के अग्रवाल ग्रुप डायरेक्टर डॉ मनोज कुमार शुक्ला एवं रजिस्ट्रार डॉ श्याम पाटकर मुख्य रुप से उपस्थित थे इस कार्यक्रम के लिए संस्था के सी ई ओ श्री प्रसाद पिल्लई ने सभी को बधाई दी।




कान्ह नदी की सफाई में करोड़ों रुपए लोकधन खर्च करने के बाद यहां सफाई की गई है।

## शॉर्ट न्यूज

### ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाला सायबर सेल की गिरफ्त में

**इंदौर।** एक व्यक्ति से आरबीएल बैंक के क्रेडिट कार्ड से 71 हजार से ज्यादा की राशि ट्रांसफर कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को साइबर सेल की टीम ने गिरफ्तार किया हैं। मामले में सम्पूर्ण राशि फरियादी को वापस कराई जा चुकी हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल, ए.साई मनोहर के निर्देश पर एवं उप पुलिस महानिरीक्षक, राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल, यूसुफ कुरैशी के पर्यवेक्षण में तथा पुलिस अधीक्षक, राज्य सायबर सेल इंदौर, सव्यसाची सराफ राज्य सायबर पुलिस जोन इंदौर द्वारा पुराने सायबर अपराधो में अपराधियो की धरपकड़ के संबंध में दिये गये दिशा-निर्देशो पर से उप पुलिस अधीक्षक, नरेंद्र सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में निरीक्षक दिनेश वर्मा एवं उनकी टीम के सउनि राम बाजपेई एवं आर. राकेश बामनिया के द्वारा क्रेडिट कार्ड से कुल 6 बार में धोखाधड़ी पूर्वक फेसबुक एड पर कुल 71625 रुपए की राशि आनलाइन ट्रांसफर होना पाई गयी थी।

### तहसीलदार और अन्य कर्मचारी निलंबित, जांच

इंदौर। इंदौर जिले के देपालपुर क्षेत्र में एक किसान के सीमांकन एवं कब्जे के आवेदन के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। इस संबंध में संभागायुक्त दीपक सिंह और प्रभारी कलेक्टर गौरव बेनल द्वारा संबंधित तहसीलदार और तीन अन्य कर्मचारियों को निलंबित कर विभाग के जांच के आदेश दिए गए हैं। संभाग आयुक्त सिंह ने तत्समय के प्रभारी तहसीलदार देपालपुर जगदीश रंधावा को निलंबित कर उसके विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित की है। इसी तरह प्रभारी कलेक्टर गौरव बेनल ने देपालपुर क्षेत्र में पदस्थ पटवारी अल्केश गुप्ता और तत्समय की सहायक ग्रेड 3 रीडर देपालपुर रीना कुशवाहा को निलंबित कर विभागीय जांच करने के आदेश दिए हैं।

### युवक पर किया चाकू से हमला

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक युवक पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रिजवान पिता रफीक खान निवासी आजाद नगर की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुलरेज खान, सानू और वाजिद के खिलाफ केस दर्ज किया है। रिजवान ने पुलिस को बताया कि वह उर्दू स्कूल मैदान के पास खड़ा था तभी आरोपी बाइक पर आए और बेवजह गालियां देने लगे। गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और गुलरेज ने उसे पर चाकू से जानलेवा हमला किया। फिर सभी धमकी देकर भाग गए। आजाद नगर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। उधर, एक अन्य मामले में फरियादी महेश पिता उमाशंकर पावर निवासी पालदा ने पुलिस को बताया कि कल रात 8:50 बजे शुभम पिता राजेंद्र राठौर ने उसके घर के सामने लोडिंग रिक्शा खड़ी कर दी।

### कोई भी जनजातीय समाज का हितग्राही केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से वंचित नहीं रहे : संभागायुक्त सिंह

# जिलों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जागरूकता 15 से

**संवाददाता ● इंदौर**

संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर को लेकर आज बैठक आयोजित की गई। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित इस बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास डीएस रणदा, अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य, डिप्टी कमिश्नर बृजेश पांडे सहित शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विभाग, ऊर्जा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग आदि विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**बैठक**

बैठक में बताया गया कि संभाग के सभी जिलों में आगामी 15 जून से 30 जून तक धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिस गांव की जनसंख्या 500 या उससे अधिक है और वहां 50 प्रतिशत से अधिक जनजातीय समाज के व्यक्ति हो, तो उन्हें केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। संभाग में कुल 54 ब्लॉक है, जिसके अंतर्गत 3 हजार 373 जनजातीय वर्ग के ग्राम है। शिविर का उद्देश्य जनजातीय समाज को आर्थिक सशक्तिकरण करना और उन्हें स्वस्थ जीवन प्रदान करना है।

बैठक में संभागायुक्त सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 15 जून से आयोजित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर में कोई पात्र जनजातीय समाज का व्यक्ति केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहें। सभी जिलों के कलेक्टर इस शिविर का नेतृत्व करेंगे और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, वन विभाग, सामाजिक न्याय विभाग सहित कुल 18 विभागों के माध्यम से जनजातीय वर्ग को लाभान्वित करना है। संभागायुक्त सिंह ने कहा कि अधिकारी इस शिविर को गंभीरता से ले और संवेदनशीलता दिखाते हुए पात्र हितग्राहियों के घर तक पहुंचें। जनजाति समाज के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का ठीक प्रकार से प्रचार-प्रसार करें। सभी अधिकारी मैदानी स्तर पर जाकर कार्य करें ताकि सभी हितग्राहियों को मिलने वाले लाभ सुनिश्चित हो सकें।



**सिकिल सेल बीमारी प्रभावितों पर हो ध्यान**

संभागायुक्त सिंह ने कहा कि जनजातीय वर्ग में सिकल सेल बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है, जो व्यक्ति इस बीमारी से पीड़ित हों, उनके कार्ड बनाये जाएं और उन्हें दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाए, ताकि वह पेंशन के पात्र हो सकें। महिला एवं बाल विकास विभाग उक्त शिविर के तहत सभी ब्लॉकों के आंगनवाड़ी केन्द्रों में सुपोषण शिविर लगाएं। जहां जनजातीय वर्ग के छोटे बच्चों का वजन, ऊंचाई की माप लें। साथ ही नर्मदा नदी किनारे बसे मछुआरों को मछली पालन करने का अधिकार दिया जाये, इसके लिए समिति गठित की जायें। जनजातीय वर्ग के छात्रावासों का निर्माण कर उन्हें बुनियादी सुविधा उपलब्ध करायी जायें। प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना का लाभ दिया जाये। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध करवाने की कार्रवाई की जाए।



# प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर में 726 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**संवाददाता ● इंदौर**

संभागायुक्त दीपक सिंह की पहल पर असंक्रामक रोगों की रोकथाम के लिये स्वास्थ्य विभाग और अरविंदो मेडिकल कॉलेज द्वारा सीएमराइज स्कूल नन्दा नगर में प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 726 लोगों का पंजीयन किया गया और विभिन्न विभागों द्वारा विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। शिविर में कैंसर, टीबी, हड्डी, हार्ट, लीवर एवं गठिया रोग, दंत रोग एवं नेत्र रोगों आदि से जुड़ी लगभग 3000 से अधिक जाँचें की गईं। इनमें मुख्य रूप से 134 ईसीजी, 135 फाइब्रोस्कैन, 339 एचबी, 447 आरबीएस, 186 एसजीपीटी, 186 एसजीओटी, 186 लिपिड प्रोफाइल, 124 ईको, 118 यूएसजी, 30 मैमोग्राफी, 40 पेपस्मियर, 276 जनरल मेडिसिन, 156 कार्डियोलॉजी, 165 गैस्ट्रोलॉजी, 36 टीबी चेस्ट स्क्रीनिंग, 70 गायनेकोलॉजी, 44 पल्मोनरी, 106 रूमेटोलॉजी, 62 कैंसर स्क्रीनिंग, 78 डेंटल चेकअप जाँचें विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठायें। अरविंदो अस्पताल के चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर में विभिन्न जाँचों के दौरान ऐसे मरीजों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया जो पहले से ही किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं अथवा जिनके निकट भविष्य में किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने की संभावना है। शिविर में कैंसर, पेट से जुड़े रोग, नेत्र, दंत, जनरल मेडिसिन, हृदय रोग, लीवर और टीबी आदि रोगों की जाँच एवं इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे। प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर का उद्देश्य नागरिकों में रोगों की पूर्व पहचान कर समय पर उपचार की सुविधा देना था। आभा एवं आयुष्मान योजना के तहत भी सैकड़ों मरीजों का इलाज कर चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर का अवलोकन क्षेत्रीय विधायक श्री रमेश मेंदोला एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी ने किया।

# महान संत् अन्तोनी का पर्व

**संवाददाता ● इंदौर**

प्रति वर्ष 13 जून को कैथोलिक चर्च महान संत् अन्तोनी का पर्व मनाती है । संत् अन्तोनी प्रभु येसु ख्रीस्त पर अटूट विश्वास रखने वाले महान संत थे। वे एक बहुत ही प्रभावशाली उपदेशक भी थे। माना जाता है कि जब वे प्रभु येसु ख्रीस्त की शिक्षाओं पर उपदेश दिया करते थे तो वे इतने प्रभावी होते थे कि मनुष्य तो मनुष्य उनके साथ साथ पशु, पक्षी एवं जल की मछलियां भी सुनने के लिए लालायित रहते थे। संत् अन्तोनी को ईश्वर का विशेष अनुग्रह प्राप्त होने से किसी गुम हो जाने वाली वस्तु की प्राप्ति के लिए यदि विश्वास पूर्वक उनसे मन्नत मांगी जाती है तो वह भी प्राप्त हो जाती है। विश्वास पूर्वक उनकी मध्यस्थता से ईश्वर से मांगी जाने वाली अनेकानेक मन्नतें भी पूरी होती पाई जाती हैं। संत् अन्तोनी पर अटूट विश्वास रखने वाले या उनकी आशीषों से लाभान्वित हुए भक्त विश्वासियों द्वारा उनके प्रति धन्यवाद, आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए महू के गोड़खाता स्थिति संत् अन्तोनी चर्च जातें हैं। विगत कई वर्षों से 13 जून को धर्मप्राणतीय कैथोलिक सभा इन्दौर के तत्वावधान में परम पावन त्रिएक परमेश्वर के अनुग्रह, कृपा व आशीष से महान संत् अन्तोनी के अनन्य भक्त गणों के लिए उनके पावन पर्व पर इन्दौर बिशप हाउस प्रांगण से संत् अन्तोनी चर्च गोड़खाता महू तक एक पदयात्रा का सतत् आयोजन करती आ रही है।

### बाल श्रमिक रखना दण्डनीय अपराध

# विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर चलाया जनजागरूकता अभियान

**संवाददाता ● इंदौर**

सहायक श्रमायुक्त कार्यालय इंदौर में 12 जून विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर जिला टास्क फोर्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। तदुपरांत टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा मोती तबेला, राजबाडा और सराफा क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया गया एवं बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई।

जनजागरूकता अभियान में जानकारी दी गई कि अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत 14 वर्ष तक के बाल श्रमिक का खतरनाक एवं गैर खतरनाक सभी प्रकार के नियोजनों में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसी प्रकार अधिनियम की धारा 3 ए के अंतर्गत 14 से 18 वर्ष के कुमार श्रमिकों का खतरनाक उद्योगों में नियोजन प्रतिबंधित है। बाल श्रमिक पाये जाने पर 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तक का जुर्माना एवं 6 माह से 2 वर्ष तक के कारावास की सजा है।



अभियान अंतर्गत चयनित क्षेत्र के नियोजकों को शपथ दिलाई गई कि वह अपनी संस्थान में कभी भी बाल श्रमिक को नियोजित नही करेंगे एवं किसी संस्थान में बाल श्रमिक नियोजित पाए जाने पर चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व पेंसिल पोर्टल pencil.gov.in पर शिकायत करेंगे। इस अभियान में श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक कुलदीप इंगले, तृप्ति डावर, सुचिता सिंह, अविनाश रंगारे, छोटेलाल साहू, महिला बाल विकास से आशीष गोस्वामी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं संस्था आस इंदौर, जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एक्सेस टू जस्टिस परियोजना से राहुल गोठाने एवं टास्क फोर्स के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### रेलवे ने प्रमुख स्टेशनों पर रहने वाले कुलियों की पारिश्रमिक दरों में किया संशोधन

# रेलवे स्टेशन पर लगेज उठाने के लिए देना होगा ज्यादा मेहनताना

**संवाददाता ● इंदौर**

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर कुलियों की सुविधा उपलब्ध है। भारतीय

**सौगात**

रेलवे द्वारा वर्तमान कुली चार्जेज में तत्काल प्रभाव से संशोधन किया गया। यात्री सहायक (कुली) चार्जेज के संशोधित दर को तत्काल प्रभाव से रतलाम मंडल पर लागू किया जा रहा है। कुली चोर्जेज अर्थात पोर्टरेज चार्जेज स्टेशन की कैटेगरी के अनुसार निर्धारित की गई है। एनएसजी (नॉन सबअर्बन ग्रुप)-1, एनएसजी -2, एनएसजी-3, एनएसजी-4, एसजी (सब अर्बन ग्रुप)-1, एसजी-2 एवं एसजी-3 स्टेशनों पर प्रति ट्रिप 100 रु तथा एनएसजी-5, एनएसजी-6, एच जी-1, एच.जी.(हॉल्ट ग्रुप)- 2 एवं एचजी-3 स्टेशनों के लिए प्रति ट्रिप रू 80 रु पोर्टरेज चोर्जेज निर्धारित किए गए हैं। यदि एक बैग पैकेट का वजन 20 किलोग्राम से अधिक तथा 40 किलोग्राम तक है, तो प्रति बैग या पैकेज 50 रुपये अतिरिक्त भुगतान करना होगा।



एनएसजी-1 से एनएसजी-4 तक तथा एसजी-1 से एसजी-3 तक कुली द्वारा सामान को ट्रेन पर चढ़ाने के लिए इंतजार करना हो, तो 30 मिनट तक उसका कोई चार्ज देय नहीं होगा। लेकिन, उसके बाद 30 मिनट या उसके किसी भाग के लिए 100 रुपए का भुगतान करना होगा। इसी प्रकार एनएसजी-5, एनएसजी-6, एचजी-1 से एचजी-3 तक के स्टेशनों पर इंतजार शुल्क के रूप में 80 रुपये का भुगतान करना होगा। 160 किलोग्राम तक के यात्रियों के सामान को टू/फोर व्हीलर हाथ गाड़ी के साथ ले जाने के लिए प्रति ट्रिप 150 रुपये चार्ज निर्धारित किया गया है। बीमार या डिसेबल्ड यात्रियों को व्हील चेयर या स्ट्रेचर (दो सहायकों के साथ) पर ले जाने के लिए 150 रुपए तथा स्ट्रेचर (चार सहायकों के साथ) के लिए 200 रुपए की दर से भुगतान करना होगा।

# ड्रोन से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे लगातार बढ़ रहे हैं

मेदिसम्बर 1995 में पुरलिया में आसमान से हथियारों की खेप आने पर हड़कंप मच गया था। 30 साल बाद अब पाकिस्तान से सीमावर्ती राज्यों में ड्रोन से हथियारों और ड्रग्स आपूर्ति के मामले इतने बढ़ गए हैं कि मीडिया में रिपोर्टिंग ही नहीं होती। अंतरिक्ष से निर्बाध सैटेलाइट इंटरनेट, क्रिप्टो करंसी की आपराधिकता और ड्रोन की विस्फोटक फुलझड़ियों से युद्ध और आतंक की नए तरीके से वापसी हो सकती है। इसलिए ड्रोन के नियमन से जुड़े 4 पहलुओं को समझना जरूरी है। रजिस्ट्रेशन : 2021 में बनाए गए शिथिल नियमों के बाद भारत में ड्रोन क्रांति शुरू हुई है। 250 ग्राम से कम वजन वाले नैनो ड्रोन को रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस के बगैर शौकिया तौर पर कोई भी उड़ा सकता है। ड्रोन को 100 रु. की फीस से रजिस्टर्ड कराया जा सकता है। इसके बावजूद मॉडल रिमोट पायलट एयरक्रॉफ्ट सिस्टम वाले 25 किलो से कम के ड्रोन- जिनका रिसर्च आदि में इस्तेमाल होता है- उनके रजिस्ट्रेशन की भी जरूरत नहीं है। गैर-रजिस्टर्ड ड्रोन को कोई भी उड़ा सकता है। बड़े ड्रोन उड़ाने के लिए सिर्फ 5 दिन की ट्रेनिंग के बाद पुलिस जांच के बगैर ड्रोन पायलट का लाइसेंस मिल सकता है।

सीडीएस अनिल चौहान के अनुसार पानी की बोतल जैसे छोटे ड्रोन से भी बड़े स्तर पर तबाही मचाई जा सकती है। छोटे ड्रोन इतनी तेजी से उड़ते हैं कि प्रतिक्रिया देने के लिए सिर्फ 90 सेकंड का समय मिलता है। भारत में सभी तरह के ड्रोन के रजिस्ट्रेशन को जरूरी करने के साथ उड़ान के नियमन के लिए पुलिस को अधिकार मिलने चाहिए। जुमार्ना : नागरिकों की सुरक्षा के लिए लिफ्ट के रजिस्ट्रेशन और मेंटेनेंस के लिए कड़े नियम और जुमार्ने के प्रावधान हैं। लेकिन देश की सुरक्षा से जुड़े ड्रोन के कारोबार को खुली छूट मिली है। ग्रेटर नोएडा में लगभग 80 हजार लिफ्ट में से सिर्फ 7702 ने 15 हजार रु. की फीस देकर रजिस्ट्रेशन कराया है। बकाया लिफ्ट के रजिस्ट्रेशन के लिए जिला प्रशासन ने 10 हजार रु. का जुमार्ना देने का अभियान शुरू किया है। 2024 में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के लिए 8 करोड़ से ज्यादा चालान किए गए।

**ड्रोन नियमों के उल्लंघन के लिए अधिकतम 1 लाख रु. के जुमार्ने का ही प्रावधान हैं। आपराधिक कार्रवाई के लिए ड्रोन नियमों में कोई प्रावधान नहीं है। पिछले चार सालों में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान से आए 391 ड्रोन को जब्त किया है। ड्रोन से जुड़े नियमों को नागरिक उड्डयन मंत्रालय लागू करता है। वाहनों के रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों को पुलिस लागू करती है। उसी तर्ज पर ड्रोन से जुड़े मामलों में कार्रवाई के लिए राज्यों की पुलिस को स्पष्ट अधिकार मिलने चाहिए।**

ड्रोन नियमों के उल्लंघन के लिए अधिकतम 1 लाख रु. के जुमार्ने का ही प्रावधान हैं। आपराधिक कार्रवाई के लिए ड्रोन नियमों में कोई प्रावधान नहीं है। पिछले चार सालों में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान से आए 391 ड्रोन को जब्त किया है। ड्रोन से जुड़े नियमों को नागरिक उड्डयन मंत्रालय लागू करता है। वाहनों के रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों को पुलिस लागू करती है। उसी तर्ज पर ड्रोन से जुड़े मामलों में कार्रवाई के लिए राज्यों की पुलिस को स्पष्ट अधिकार मिलने चाहिए। : सीमावर्ती राज्यों में पाकिस्तान ड्रोन के जरिए ड्रग्स और हथियार की नियमित आपूर्ति कर रहा है। ड्रोन नियमों के अनुसार भारत में अधिकांश इलाके ग्रीन जोन में आते हैं, जहां 400 फीट से कम ऊंचाई पर ड्रोन को लोग मनमाफिक तरीके से उड़ा सकते हैं। लेकिन ऐसे ड्रोन से लोगों की प्राइवेसी और सुरक्षा के खतरों से निपटने के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं। यलो जोन में ड्रोन उड़ाने के लिए डीजीसीए से अनुमति लेनी पड़ती है। वहीं देश में 9969 रेड जोन हैं, जिनमें ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है। पिछले दो सालों से सरकार के अनेक दावों के बावजूद पाकिस्तानी सीमा पर एंटी ड्रोन सिस्टम नहीं लगा। रूस पर यूक्रेन के हमले से साफ है कि एक लाख रु. से कम के ड्रोन से अरबों रुपयों के युद्धक विमानों को नष्ट किया जा सकता है। तस्करी, ड्रग्स और आतंकी हमलों के मद्देनजर सीमावर्ती राज्यों में सभी तरह के ड्रोन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की जरूरत अब आन पहुंची है। स्टार्टअप : भारत में लगभग 550 स्टार्टअप ड्रोन क्षेत्र में काम कर रहे हैं, जिन्हें नियमों और टैक्स में छूट मिलती है। ड्रोन स्टार्टअप को सब्सिडी देने के लिए पीएलआई के तहत आवंटन को 18 गुना बढ़ाकर 3 हजार करोड़ रु. करने की योजना है। भारत की ड्रोन इंडस्ट्री से जुड़ी तकनीक और कलपुर्जों की आपूर्ति में चीन का वर्चस्व है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार चीनी उपकरणों से देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को खतरा है।

## संत वचन

अक्सर इन सभी के कारण अपने मंत्रालय के दौरान बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि प्रभु ने उन फरीसियों की आलोचना की और उन्हें उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई, जिसे उन्होंने इस प्रकार उजागर किया कि यह उनके पूर्वजों और पूर्वजों द्वारा दिखाए गए व्यवहार से मिलता-जुलता था, जो प्रभु और उनकी सच्चाई पर भरोसा करने के बजाय अपनी इच्छाओं, अपनी समझ और चीजों की व्याख्या के अनुसार चलने की उनकी जिद थी। उनका अभिमान और अहंकार, महत्वाकांक्षाएं और इस दुनिया की इच्छाएं उन्हें गलत रास्ते पर ले गईं और उन्हें प्रभु से और भी दूर कर दिया, क्योंकि उन्होंने प्रभु के लिए अपने दिल और दिमाग के दरवाजे बंद कर दिए थे। यह वह रवैया है जो प्रभु नहीं चाहते कि हममें से कोई भी रखे, ताकि हम यह न सोचें कि हमारे तरीके ... और पद्धतियां बेहतर हैं या हम अपने आस-पास के लोगों की तुलना में किसी तरह बेहतर और श्रेष्ठ हैं।

# हमारे पुरखों ने क्षमा कर देने को एक अद्भुत दवा क्यों बताया था?

देखने में यह भले ही मामूली घटना लगे, लेकिन इसका एक बेहद हानिकारक पहलू भी है। 50 साल पहले चौथी कक्षा के बालकृष्णन और वीजे बाबू के बीच झगड़ा हुआ, जैसे कोई भी सहपाठी कक्षा में एक-दूसरे से लड़ते हैं। इसके बाद उनके रास्ते अलग हो गए। वे अलग-अलग स्कूलों में गए, पढ़ाई की, बड़े हुए और जीवन में सेटल हो गए। पिछले सप्ताह वे अपनी प्राथमिक कक्षा के गोल्डन जुबली समारोह में शामिल हुए। जब वे मिले तो पुराने झगड़ों पर हंसने के बजाय दोनों के बीच फिर कहासुनी शुरू हो गई। बात इस हद तक बढ़ गई कि बालाकृष्णन ने एक अन्य व्यक्ति मैथ्यू की मदद से कथित तौर पर बाबू पर हमला कर दिया। याद रहे कि दोनों अब 60 की उम्र के हैं। बाबू को चोटें आईं, उनके दो दांत टूट गए, और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस ने दोनों हमलावरों को भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार कर लिया।दुनियाभर के न्यूरोसाइंटिस्ट्स ने स्कैनिंग तकनीकी के जरिए इस बात का अध्ययन किया है कि जब कोई बदला लेना चाहता है या उपरोक्त मामले की तरह कई वर्षों तक मन में बदले की भावना रखता है तो उसके दिमाग में क्या होता है। यह सामने आया कि बदला लेने पर आमादा दिमाग वैसा ही दिखता है, जैसा वह ड्रग्स लेने पर दिखता है। 2004 में जर्नल साइंस में एक अध्ययन प्रकाशित हुआ था। इसमें बताया गया कि प्रतिभागियों को उन अन्य प्रतिभागियों से बदला लेने का मौका दिया गया, जिन्होंने उनसे आर्थिक मामलों में दगाबाजी की थी। लेकिन बदला लेने के लिए उनके दिवालिया होने की शर्त रखी गई थी। कुछ ऐसे थे, जो सबकुछ खोने की कीमत पर भी बदला लेने को तैयार हो गए। उनके मस्तिष्क के पीईटी स्कैन में डोर्सल स्ट्रिएटम की सक्रियता दिखी। यह दिमाग का वह हिस्सा है, जो आदत और बाद में लत बनाने में शामिल होता है। नुकसान पहुंचाए जाने या गलत व्यवहार किए जाने या गुस्सा, घृणा, अपराध-बोध या शर्म की भावनाएं मस्तिष्क का पेन-नेटवर्क सक्रिय कर देती हैं, विशेष तौर पर दिमाग की उस संरचना को, जिसे एंटीरियर इंसुलेशन कहा जाता है। बदला लेने या इसकी कल्पना से ही डोपामाइन स्त्रावित होता है, जो दर्द को छुपा देता है और कुछ देर के लिए संतुलन बहाल करता है। नशे के असर की तरह इसके प्रभाव भी धीरे-धीरे या तुरंत समाप्त हो जाते हैं।

लेकिन अमेरिका की कोलगेट यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञानियों ने पाया है कि बदला लेने या इसके बारे में सिर्फ सोचने से ही दीर्घकालीन नकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। इनमें टकराव के लगातार बढ़ने से खुद के शिकार हो जाने की घबराहट भी शामिल है। जब हम ड्राइव कर रहे होते हैं तो हमें भी उन लोगों को दंडित करने की इच्छा होती है, जो सिग्नल तोड़ते हैं या सामाजिक नियमों का उल्लंघन करते हैं। जीवन में आगे बढ़ते रहने की अनिवार्यता हमें इस इच्छा को पीछे छोड़ने के लिए मजबूर करती है। फिर भी लंबे समय तक हमारा दिमाग कहता रहता है कि ह्यऐसे लोग कभी सजा नहीं पाते, दुनिया बहुत खराब हो गई है।ह्व और यदि आपको भी ऐसा महसूस होता तो अपने दिमाग के पैटर्न को देखना शुरू करें।

**एडिट.नोट**

ड्राइव करते समय भी आपके मन में ऐसे ही ख्याल आएंगे। इसका मतलब है कि दूसरों को सजा देने की सोच की लत लग गई है। न्यूरोसाइंस ने हाल ही में बदला लेने की लत और हिंसा से निपटने का एक आसान और प्रभावशाली उपाय भी बताया है। यह है क्षमा। मैं भी लोगों को सिग्नल तोड़ते देखता हूं।

गाड़ी चलाते समय मुझे भी अकसर सिग्नल तोड़ने वालों को सजा देने की इच्छा होती थी। लेकिन इन शोध निष्कर्षों को पढ़ने के बाद मैंने ऐसे व्यक्तियों से चेहरे पर मुस्कान के साथ तेज आवाज में कहना शुरू कर दिया है- ह्यगॉड ब्लेस यूह्व। और धीरे-धीरे मुझे लगने लगा कि मेरा तनाव कम हो रहा है। यह बहुत मुश्किल नहीं होगा। हमें सिर्फ आधुनिक विज्ञान और क्षमा के बारे में प्राचीन शिक्षाओं का पालन करने की जरूरत है। फंडा यह है कि बदला लेने पर आमादा दिमाग ड्रग्स की हालत में होने जैसा दिखता है। ड्रग्स की तरह ही बदला भी लत लगाने वाला हो सकता है और इसका सबसे अच्छा डिटॉक्स क्षमा है, जो हमारे पूर्वज जानते थे कि एक चमत्कारी दवा है।

## शीला भट्ट - लेखक

# हमारे एविएशन सेक्टर की प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचेगी

मनुष्य को अपनी बुद्धि-क्षमता और टेक्नोलॉजी की ईजाद पर हमेशा गुरूर रहता है। लेकिन कभी-कभी यही टेक्नोलॉजी हमें असहनीय दर्द भी दे जाती है। अहमदाबाद में एअर इंडिया की फ्लाइट जिस तरह से क्रैश हुई है, वह घटना हमें विचलित कर देने वाली है। टेक्नोलॉजी की प्रगति से हमें जो आत्मविश्वास मिला है, वो ऐसे हादसों से हिल जाता है। विमान से सफर करने से पहले बोर्डिंग पास लेकर हम कितने बेफिक्र हो जाते हैं। बोर्डिंग की सूचना की राह देखते एयरपोर्ट पर कितनी तसल्ली से टहलते हैं। हमारी टेक्नोलॉजी पर हमें कितना भरोसा है। लेकिन पल-भर में वह भरोसा छिन्न-भिन्न हो जाता है। अहमदाबाद से लंदन जा रही उस फ्लाइट में 242 यात्री सवार थे। उन्हें कहां पता था कि उनका विमान पूरी तरह टेकऑफ करने के पहले ही पक्षाघात के शिकार किसी व्यक्ति की तरह ढह जाएगा और आग की लपटों में घिर जाएगा। विजय रूपाणी, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री भी इसी फ्लाइट में बिजनेस क्लास में थे।

बताया जाता है कि फ्लाइट में बैठे एक सहयात्री ने उनकी फोटो अपने परिवार को भेजी थी। वो तस्वीर हमें सन्न कर देती है। मृत्यु के कुछ क्षण पहले की किसी व्यक्ति की तस्वीर उनकी मृत्यु के बाद हमें कितने सारे संदेश देती है? अमेरिकन बोइंग कंपनी का 787 विमान आधुनिक है। ये विमान दो दशकों से उड़ान भर रहा है। अगर एक इंजन फेल हो जाए तो दूसरे इंजन की वर्टिकल स्टैबलाइजर की उसमें सुविधा है। अचानक मौसम खराब होने पर भी ये यात्रियों की बेहतर सुरक्षा करता है। ये विमान जब बाजार में आया तो सपनों की उड़ान माना गया था। नाम ही उसका ड्रीमलाइनर था। लेकिन अहमदाबाद में टेकऑफ के बाद वो 2 मिनट भी हवा में न रह सका। करीब 650 फीट से ऊपर नहीं जा सका।अभी इस बारे में कुछ भी कहना बहुत जल्दी होगा कि यह हादसा कैसे हुआ। हमें नहीं पता कि यह दुर्घटना पायलट की भूल के कारण हुई या ये महज एक टेक्निकल फेल्योर है। लेकिन एक बहुत गहरा सदमा इस मर्मांतक हादसे से भारतवासियों को लगा है। बोइंग 787 के साथ होने वाला ये पहला इतना घातक हादसा है। इस हवाई जहाज के पहले बोइंग 737 भी काफी विवादों में रहा था। लेकिन इस दुघटना से अमेरिकन बोइंग कंपनी की आबरू और एअर इंडिया की प्रतिष्ठा- दोनों को क्षति पहुंची है। जिस तरह से यह घटना हुई है, वो इसे कभी भी भुला नहीं पाएंगे। ये विमान 242 यात्रियों को लेकर लंदन जा रहा था। उसकी टंकी ईंधन से भरी हुई थी। इसलिए जब विमान जमींदोज हुआ तो आग की भयानक लपटों में घिर गया। हालत यह है कि यात्रियों की मृत देह की शिनाख्त करना भी अब बेहद मुश्किल हो गया है। डीएनए टेस्ट से अगर कुछ पता चले तो चले। मृतकों की जो तस्वीरें आई हैं, वो बता रही हैं कि जब टेक्नोलॉजी हमें गच्चा देती है तो वो कितनी घातक भी हो सकती है। एअर इंडिया का ये विमान एयरपोर्ट के बाजू में ही स्थित मेघानी नगर में जाके गिरा। यहां दलितों की एक बहुत बड़ी, पुरानी बस्ती है और एक बड़ा हॉस्पिटल कॉम्प्लेक्स है। सचिन प्रजापति होम लोन का बिजनेस करते हैं। मेघानी नगर में ही उनका घर है। अपने चाचा राजू भाई के साथ वो अपने घर में बैठे थे। करीब 1:45 बजे अचानक एक धमाकेदार आवाज उन्होंने सुनी। वो दौड़कर बाहर आए। 200 मीटर की दूरी पर उन्होंने वह खौफनाक नजारा देखा तो अपनी आंखों पर यकीन नहीं कर पाए। मेडिकल कॉलेज में काम करने वाले और पढ़ने वाले इंटर्न्स की जो हॉस्टल थी, उस पर हवाई जहाज तीन टुकड़ों में गिरा पड़ा था। अफरातफरी मची थी।

सचिन कहते हैं, विमान नहीं था आग का गोला था। वे अपने दूसरे पड़ोसियों के साथ हॉस्टल की बिल्डिंग और खाने की मेस की तरफ भागे। इंटर्न्स को बचाने में उन्होंने और उनके मित्रों ने सहायता की। अफसोस कि वे काफी लोगों को बचा न पाए। भारत में एविएशन इंडस्ट्री में उछाल आया है। बहुत सारे एयरपोर्ट नए बन रहे हैं। एअर इंडिया- जो सरकारी कंपनी थी- उसे टाटा ने खरीदा है और वह 400 से ज्यादा नए विमान खरीदने वाली है। मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के नजदीक भी नए एयरपोर्ट बन रहे हैं। एविएशन की दुनिया में भारत चौथे नंबर पर है। अमेरिका और चीन के बाद वो तीसरे नंबर पर बहुत जल्द आएगा, ऐसी उम्मीद है। भारत खुद सिंगापुर और दुबई की तरह हवाई सफर का अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनना चाहता है। पर विकसित भारत में टूरिज्म को बढ़ावा देना है तो सिविल एविएशन सेक्टर मजबूत होना चाहिए और इसीलिए इस घटना की तह में जाना पड़ेगा।

## बिजनेस

### सेंसेक्स 573 अंक गिरकर 81,118 पर बंद

# इजराइल के ईरान पर हमले का असर, निफ्टी भी 169 अंक फिसला; एयरलाइन कंपनियों के शेयर टूटे

**मुंबई।** इजराइल के ईरान पर हमले के बाद आज यानी 13 जून को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 573 अंक गिरकर 81,118 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी करीब 169 अंक की गिरावट रही, ये 24,718 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 4 में तेजी और 26 शेयर में गिरावट रही। बैंकिंग, ऑयल एंड गैस, ऑटो और क्ळ शेयर ज्यादा गिरे। कल के एअर इंडिया के विमान के क्रैश होने के बाद एयरलाइन कंपनियों के शेयर भी टूटे हैं।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का शेयर 4% गिरा है। स्पाइसजेट 1.61% टूटा है। वहीं एअर इंडिया को ऑपरेट करने वाले टाटा ग्रुप के सभी शेयरों में गिरावट देखने को मिली।इजराइल ने ईरान पर हमला किया है। ये बाजार में गिरावट का सबसे बड़ा कारण है। जब भी दो बड़े देशों के बीच युद्ध या तनाव बढ़ता है, तो निवेशक घबरा जाते हैं और शेयर बाजार से पैसे निकालने लगते हैं। इस बार इजराइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों और मिलिट्री साइट्स पर हमला किया, जिससे डर है कि मिडिल ईस्ट में युद्ध और बढ़ सकता है।

हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतें 10% से ज्यादा बढ़ गईं, क्योंकि मिडिल ईस्ट से ही दुनिया का ज्यादातर तेल आता है। अगर वहां सप्लाई रुकती है तो तेल और महंगा हो सकता है। भारत जैसे देशों के लिए यह और भी चिंता की बात है, क्योंकि हमें ज्यादातर तेल बाहर से खरीदना पड़ता है। इससे महंगाई फिर बढ़ सकती है।

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 338 अंक (0.89%) गिरकर 37,834 पर और कोरिया का कोस्पी 0.87% नीचे 2,894 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 142 अंक (0.59%) गिरकर 23,892 के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं चीन का शंघाई कंपोजिट अंक 25 (0.75%) गिरकर 3,377 पर क्लोज हुआ। 12 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.24% चढ़कर 42,967 पर बंद हुआ। वहीं नैस्डेक कंपोजिट 0.24% चढ़कर 19,662 पर और र&ढ 500 0.38% अंक की तेजी के बंद हुआ। पंप और मोटर बनाने वाली कंपनी ओसवाल पंप्स का क्ढड यानी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग आज से ओपन हो गया है। निवेशक इसमें 17 जून तक अप्लाई कर सकते हैं। कंपनी के शेयर 20 जून को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (इरए) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (ठरए) पर लिस्ट होंगे। ओसवाल पंप्स क्ढड के जरिए कुल 1,387.34 करोड़ जुटाना चाहती है। इसमें से 890 करोड़ के नए शेयर (फ्रेश इश्यू) जारी किए जाएंगे और 497.34 करोड़ के शेयर ऑफर फॉर सेल (डऋर) के तहत बेचे जाएंगे।

ईरान पर इजराइल की एयरस्ट्राइक के बाद ब्रेंट क्रूड 10% से ज्यादा चढ़ गया है। ये 78 डॉलर/बैरल के पार कारोबार कर रहा है। वहीं नायमैक्स क्रूड भी करीब 12% उछलकर 78 डॉलर/बैरल पर पहुंच गया है। एक बैरल लगभग 159 लीटर के बराबर होता है। शेयर बाजार में 12 जून को गिरावट रही। सेंसेक्स 823 अंक (1%) की गिरावट के साथ 81,691 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 253 अंक (1.01%) की गिरावट रही, ये 24,888 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और सिर्फ 3 में तेजी रही। आज क्ळ, ऋटउऋ मेटल और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। टाटा मोटर्स का शेयर 2.98% और ट&ट का शेयर 2.30% गिरकर बंद हुआ।

# 10 ग्राम सोने की कीमत 99,058 पार, आज 1603 बढ़ा: इस साल अब तक 22,896 महंगा; चांदी 1.06 लाख प्रति किलो हुई

**नई दिल्ली:** सोने के दाम में आज (13 जून, शुक्रवार) तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (क्इखअ) के अनुसार, सोने का भाव 1,603 बढ़कर 99,058 प्रति 10 ग्राम हो गया। बीते दिन सोने की कीमत 97,455 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं इससे पहले 21 अप्रैल को सोना 99,100 पर पहुंचा था। चांदी में भी आज तेजी देखने को मिली। ये 669 बढ़कर 1,06,167 किलो हो गई। इससे पहले चांदी 1,05,498 प्रति किलो पर थी। वहीं 10 जून को चांदी ने 1,07,000 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत-** दिल्ली: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 मुंबई: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 कोलकाता: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 चेन्नई: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 भोपाल: 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,000 इस साल अब तक 22,896 महंगा हुआ सोना इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,896 रुपए बढ़कर 99,058 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 20,150 रुपए बढ़कर 1,06,167 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।हालांकि, आगे जियो पॉलिटिकल टेंशन कम होने के आसार हैं। इससे चांदी की इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ेगी।

### राज-काज

## शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी का अनुमान

**मुंबई।** इस सप्ताह 100 से ज्यादा कंपनियां अपने मार्च 2025 तिमाही यानी चौथी तिमाही के नतीजे जारी करेंगी। टेक्नोलॉजीज, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, ख्इक लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, टेक महिंद्रा और मारुति सुजुकी जैसी बड़ी कंपनियों के भी रिजल्ट्स आएंगे। बाजार की यूरोपियन यूनियन और चीन के साथ अमेरिका की ट्रेड वार्ता पर कड़ी नजर रहेगी। अमेरिका ने चीन को छोड़कर सभी ट्रेड पार्टनर्स के लिए टैरिफ रेट के इम्प्लिमेंटेशन को 90 दिनों तक रोक दिया है। पिछले हफ्ते अमेरिका ने चीन के प्रोडक्ट्स पर 245% टैरिफ की घोषणा की, जिससे दोनों देशों के बीच ट्रेड टैरिफ वॉर बढ़ गई। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों की-पार्टनर्स के साथ समझौते पर पहुंचने की बात कही है। इस बीच पिछले हफ्ते भारतीय इक्विटी में निवेशकों की भावना इस उम्मीद से बढ़ी कि अमेरिका-चीन व्यापार विवाद भारत को नुकसान नहीं।

# क्या पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ेंगे, कच्चा तेल 10% चढ़ा:इजराइल के ईरान पर हमले से टेंशन बढ़ी

**नई दिल्ली।** इजराइल ने 12 जून को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिससे तेल की कीमतें अचानक बढ़ गई है। ऐसे में सवाल है कि आम आदमी की जेब पर इस तनाव का क्या असर होगा? क्या पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ जाएंगे और शेयर बाजार गिर जाएगा?

**सवाल 1:** क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी क्यों आई है?

**जवाब:** इजराइल ने 12 जून को ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को निशाना बनाकर हमले किए। इसके बाद तेल की कीमतें एकदम से उछल गईं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि ईरान दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। ईरान की जियोलॉजिकल पोजिशन भी काफी महत्वपूर्ण है - ये स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के उत्तरी किनारे पर है।ये वो रास्ता है जहां से सऊदी अरब, कुवैत, इराक जैसे देशों का तेल सप्लाई होता है। अगर ईरान ने गुस्से में आकर इस रास्ते को ब्लॉक किया, तो दुनिया की 20% तेल सप्लाई अटक सकती है।जवाब: जैसे ही हमले की खबर आई, ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 10% बढ़कर करीब 78 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई। यूएस का वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (हळक) भी 10% चढ़कर 74 डॉलर के पार पहुंच गया। आगे इसमें और तेजी का अनुमान है।

सवाल 3: क्या पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ जाएंगे?

जवाब: अगर ज्यादा दिनों तक क्रूड ऑयल की कीमतें बढ़ी रहती है तो ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने होंगे। इससे ट्रांसपोर्ट, खाने-पीने की चीजें, और बाकी सामान भी महंगा हो सकता है। अगर जंग लंबी खिंची तो महंगाई और बढ़ेगी।जवाब: तेल की कीमतें बढ़ने का मतलब है महंगाई बढ़ेगी। इससे तेल आयात करने वाले देशों की इकोनॉमी पर बुरा असर पड़ता है। निवेशकों में डर है कि अगर तेल महंगा हुआ तो कंपनियों की लागत बढ़ेगी, मुनाफा घटेगा। इससे भारतीय शेयर बाजार 1% से ज्यादा गिर गया। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स भी 1.3% और हॉन्ग कॉन्ग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.7% गिर गया। जिस वक्त हमला हुआ वॉल स्ट्रीट बंद था, लेकिन फ्यूचर्स ट्रेडिंग में संकेत मिले कि अमेरिकी बाजार भी 1% से ज्यादा लुढ़क सकता है।




लॉस एंजिल्स में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान सिटी हॉल के बाहर एक व्यक्ति मेगाफोन पर चिल्ला रहा है।

### ऊर्जा समिट में एक ही मंच पर आए निवेशक, किसान, विशेषज्ञ और नीति-निर्माता

# ऊर्जादाता बनेंगे मप्र के किसान : सीएम डॉ. यादव

### सोलर केपिटल बनेगा मध्यप्रदेश, सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से होगा किसानों का आर्थिक सशक्तिकरण

संवाददाता ● भोपाल

**योजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के किसान अब ऊर्जादाता बनेंगे। 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' से प्रदेश के किसानों और छोटे निवेशकों को लाभ होगा। योजना का लाभ लेकर किसान बिजली उत्पादक बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि नेट जीरो का लक्ष्य पाने में मध्यप्रदेश के किसान बड़ी भूमिका निभाएंगे। ऊर्जा समिट में एक ही मंच पर निवेशक, किसान, विशेषज्ञ और नीति-निर्माताओं ने उपस्थित होकर समृद्धि के नये द्वार पर दस्तक दी है। प्रदेश में अब तक 80 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे 16 हजार से अधिक कृषि पम्पों को सौर ऊर्जा से ऊर्जीकृत किया जा चुका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आय में बढ़ोतरी एवं आर्थिक विकास के लिए संकल्पित है। मध्यप्रदेश अब देश की सोलर कैपिटल ऊर्जाधानी बनने के मार्ग पर अग्रसर हैं। प्रदेश के रीवा, नीमच और ओंकारेश्वर सौर ऊर्जा का सशक्त हस्ताक्षर बन रहे हैं। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रदेश के लिए वरदान है। अब हमारी सरकार छोटे निवेशकों और किसान भाइयों को भी बिजली उत्पादन का अवसर मुहैया कराने जा रही है। अब हमारे अन्नदाता, ऊर्जादाता बनने के पथ पर अग्रसर होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' से छोटे निवेशकों के साथ किसानों को भी लाभ मिलेगा।

इस योजना से वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर उद्यमियों को निवेश एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे। निवेशकों के साथ सरकार 25 साल तक बिजली खरीदने का समझौता करेगी। निवेशकों को नीतिगत प्रोत्साहन के साथ सस्ती ज़मीन और तय बिजली रेट मिलेगा। उन्होंने बताया कि 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' से किसानों को भी अत्यधिक फायदा होगा। योजना से किसानों को दिन में भी सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। अन्नदाताओं का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। किसानों को रात में बिजली का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। दिन में 8 घंटे तक लगातार बिजली मिलेगी। किसान बिना रुकावट सिंचाई कर सकेंगे।



#### कुसुम-सी योजना का विस्तार

मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना, प्रधानमंत्री कुसुम-सी योजना का विस्तार है। इस योजना में हर गाँव के पास जो कृषि फीडर (जहाँ से किसानों को बिजली मिलती है) है, उसको सौर ऊर्जा से चलाने की तैयारी हो रही है। किसानों को आवश्यक बिजली की आपूर्ति सौर ऊर्जा से हो इसके लिए सम्पूर्ण फीडर और विद्युत सब-स्टेशन का सोलराइज़ेशन किया जाएगा। सरकार ने अलग से लगभग 8 हजार कृषि फीडर्स लगाए हैं, जिन पर करीब 35 लाख कृषि पम्प जुड़े हुए हैं। अब जल्द ही इन सभी फीडर्स पर सोलर पॉवर प्लांट लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने बताया कि किसान भाई खेती के लिये अनुपयोगी या बंजर जमीन पर सोलर पैनल लगवाकर बिजली बना सकते हैं और सरकार को बेच सकते हैं। किसानों को बैंकों से समन्वय करते हुए एग्रीकल्चर इन्फ्रा फंड के तहत 7 वर्षों तक 3% ब्याज में छूट भी मिलेगी। 240 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

#### सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार क्लीन और ग्रीन एनर्जी के विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में नवकरणीय ऊर्जा समिट का भी आयोजन किया गया, जिसमें निवेशकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2012 में प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा की क्षमता 500 मेगावाट से भी कम थी। हमने अलग से विभाग का गठन करके सौर, पवन, बायोमास और लघु जल ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाने के लिए नीतियां बनाईं हैं। उन्होंने कहा कि नीतियों और विभिन्न प्रोत्साहन के फलस्वरुप पिछले 12 वर्षों में राज्य की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता में 15 गुना वृद्धि हुई है। सौर ऊर्जा में 48% और पवन ऊर्जा में 19% वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में राज्य में 9 हजार 300 मेगावाट से अधिक नवकरणीय ऊर्जा क्षमता विकसित हो चुकी है। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर प्रोजेक्ट को विश्व बैंक और हार्वर्ड विश्वविद्यालय से प्रशंसा मिली है। यह प्रोजेक्ट एक केस स्टडी बन चुका है। ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट, जो दुनिया के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट्स में से एक है, का पहला चरण पूरा कर लिया गया है और इसमें ऊर्जा उत्पादन शुरु हो गया है। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना और ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट की सफलता बता रही है कि मध्यप्रदेश न केवल नवाचार में अग्रणी है।

#### मध्यप्रदेश मना रहा उद्योग और रोजगार वर्ष

मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने बताया कि प्रदेश में फरवरी माह में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन किया गया। इसमें 30177 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। इससे 21140 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे जो प्रदेश के युवाओं के साथ अन्य लोगों को भी आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि मंदसौर और नरसिंहपुर में कृषि उद्योग समागम हुआ, इंदौर में IT कॉन्क्लेव हुआ। उज्जैन में स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट-2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, इसमें 1900 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। प्रदेश के हर वर्ग को रोजगार से जोड़ने के साथ ही निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिये औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के लिए 18 उद्योग फ्रैन्डली नीतियां जारी की गईं।

#### नवकरणीय ऊर्जा में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ रहा मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश "हार्ट ऑफ इंडिया" है और अब नवकरणीय ऊर्जा के उत्पादन में रोल मॉडल बनकर हमने "लंग्स ऑफ इंडिया" बनने का विजन रखा है। हम न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता रखते हैं। हम सिर्फ आज पर नहीं, बल्कि भविष्य पर भी ध्यान दे रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में हम 20 हजार मेगावाट से ज्यादा नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करें। वर्ष 2030 तक प्रदेश की 50% ऊर्जा नवकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने की हमारी योजना है। इसके लिए ऊर्जा वितरण और संरक्षण में कुशलता पाने के लिए हमने स्मार्ट ग्रिड और माइक्रो ग्रिड तकनीकों पर भी काम शुरु किया है। सोलर पार्क, पवन ऊर्जा पार्क, फ्लोटिंग सोलर और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है।

## शॉट न्यूज

### फिल्मी अंदाज में पुलिस कस्टडी से फरार हो गया रेप का आरोपी

**सतना**। मध्य प्रदेश के सतना जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया। दुष्कर्म का आरोपी फिल्मी अंदाज में पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। मामला दो दिनों तक दबा रहा। लेकिन अब खुलासे के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। आरोपी की फरारी का मामला रीवा के सेमरिया थाने में दर्ज किया गया है, जबकि सभापुर थाना पुलिस की दो विशेष टीमें आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं। मिली जानकारी के मुताबिक मामला 10 जून का है। जहा सभापुर थाना अंतर्गत एक महिला ने पिपरी टोला निवासी पवन शर्मा के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### शिवपुरी का भदैया कुंड... जहां नहाने से मिलता है प्यार सदा के लिए

**शिवपुरी**। आपने अक्सर लोगों को अपने प्यार के साथ रहने के लिए मंदिरों में मन्नते मांगते हुए देखा होगा। लेकिन कभी आपने सुना है कि किसी झरने में नहाने से आपको अपना प्यार उम्रभर के लिए मिल जाएगा। आपको सुनने में शायद ये अजीब लग रहा होगा, लेकिन सच है। दरअसल ये चमत्कारी झरना मध्य प्रदेश में है। जहां नहाने से पार्टनर के बीच ब्रेकअप होने से या तलाक होने से बच जाता है। मध्य प्रदेश के शिवपुरी में स्थित इस झरने को भदैया कुंड भी कहा जाता है। कहा जाता है कि इस कुंड में नहाने से दो प्यार करने वाले पार्टनर्स के बीच कभी लड़ाई-झगड़ा नहीं होता।

### विधवा बहू पर डोल गई ससुर की गंदी नीयत

**मुरैना**। मध्य प्रदेश के मुरैना से हत्या की एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां गंदी नजर रखने वाले ससुर ने विधवा बहू को गोली मार दी। दरअसल, आरोपी ससुर अपनी बहू की शादी अपने भतीजे से करवाना चाहता था, लेकिन मृतका उससे शादी नहीं करना चाहती थी। गोली चलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मुरैना जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाले एक ससुर ज्ञान सिंह ने अपनी विधवा बहू की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ससुर मौके से फरार हो गया। मृतक प्रियंका सिकरौदा नहर के पास रह रही थी।

## राज्य स्तरीय पर्यावरण कार्यशाला में 2000 अधिकारी आए

### अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता ● भोपाल

भोपाल के रविन्द्र भवन में शुक्रवार को राज्य स्तरीय शहरी पर्यावरण पर कार्यशाला शुरू हुई। सबसे पहले गुरुवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान परिसर में आए सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर में 1 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य समेत सिटी इन द गार्डन जैसी कई मुहिमों पर चर्चा हुई। दरअसल, कार्यक्रम की थीम मानसून के आगमन और शहरी हरियाली को लेकर है। कार्यशाला में प्रदेश भर के नगरीय प्रशासन एवं शहरी विकास विभाग के अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, सीएमओ, कमिश्नर, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं, NGO प्रतिनिधि, नर्सरी संचालक, पर्यटन विभाग, मेट्रो प्राधिकरण और अन्य संगठनों से लगभग 2000 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

#### परिषद से लेकर निगम के पास 20 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि शहरी पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में यह अभियान एक बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि हमें केवल पार्कों में हरियाली तक सीमित नहीं रहना, बल्कि सिटी इन द गार्डन के विजन को साकार करना है, यानी ऐसा शहर बनाना है जो खुद एक बाग हो। 1 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें प्रत्येक नगरीय निकाय को उनकी जनसंख्या और क्षेत्रफल के अनुसार पौधारोपण का दायित्व सौंपा जाएगा। पीथमपुर में 11 लाख पौधे लगाने की योजना बनाई गई है। हर नागरिक को ग्रीन सोल्जर की भूमिका में देखा जाएगा। 5 जून से महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा पौधारोपण की शुरुआत हो चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास संजय कुमार शुक्ल रहे। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि जो लोग पर्यावरण के क्षेत्र में विशेष रुचि रखते हैं, उन्हें मास्टर ट्रेनर के रुप में प्रशिक्षित किया जाएगा।

## पत्नी शराबी पति शरीफ, पीते पकड़ाई तो लाठी से पीटा

**छिंदवाड़ा**। एमपी के छिंदवाड़ा के लावाघोघरी थाना क्षेत्र के धगड़ियामाल गांव में रितुलाल मर्सकोले नामक एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी सुनीता मर्सकोले की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह घटना 12 जून 2025 को हुई। रितुलाल अपनी पत्नी की शराब पीने की आदत से परेशान था। गुस्से में आकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। यह घटना लावाघोघरी थाना क्षेत्र के धगड़ियामाल गांव की है। रितुलाल मर्सकोले (32) और सुनीता मर्सकोले (30) पति-पत्नी थे। रितुलाल को अपनी पत्नी की शराब पीने की आदत पसंद नहीं थी। जानकारी के अनुसार, रितुलाल शराब नहीं पीता था। लेकिन सुनीता को शराब की लत थी। घटना वाले दिन रितुलाल ने सुनीता को शराब पीते हुए देखा। उसने उसे मना किया। इस बात पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि रितुलाल ने आपा खो दिया। उसने डंडे से सुनीता पर हमला कर दिया। सुनीता को इतनी चोटें आईं कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।गांव के कोटवार ने सबसे पहले पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही लावाघोघरी थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। छिंदवाड़ा एसपी अजय पांडे और एएसपी आयुष गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी यानी एसडीओपी राजेश बंजारे के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया।

### 240 पेज का चालान पेश, 57 गवाहों की लिस्ट भी कोर्ट को सौंपी

## भोपाल में हिंदू छात्राओं से रेप-ब्लैकमेलिंग केस

संवाददाता ● भोपाल

भोपाल के प्राइवेट कॉलेज की हिन्दू छात्राओं को टारगेट कर रेप और ब्लैकमेलिंग करने और धर्मांतरण के लिए मजबूर करने के आरोपियों के खिलाफ गुरुवार को कोर्ट में चालान पेश किया गया। बागसेवनिया पुलिस ने मुख्य आरोपी फरहान खान और साहिल खान के खिलाफ चालान पेश किया है। विशेष न्यायाधीश (पास्को एक्ट ) नीलम मिश्रा की अदालत में यह चालान पेश किया गया है। 57 गवाहों की लिस्ट के साथ 240 पेज का चालान पेश किया है। पुलिस ने चालान के साथ पीड़िताओं की मेडिकल रिपोर्ट और महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अदालत में पेश किए हैं। जेल में बंद आरोपियों में फरहान खान और साहिल खान को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस ने अदालत में पेश किया था। जानकारी के मुताबिक रायसेन रोड स्थित एक प्राइवेट कॉलेज में पढ़ने वाली दो सगी बहनों ने आरोपी फरहान खान और उसके मित्र साहिल खान के खिलाफ पुलिस थाना बाग सेवनिया में 12 अप्रैल को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि फरहान ने धमकाकर, मारपीट कर मेरे साथ जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं मुस्लिम बनने के लिए कई बार दबाव बनाया। मैं उससे बहुत परेशान हो गई हूं।



#### जहांगीराबाद पुलिस ने भी केस दर्ज किया

मामला सामने आने के बाद आरोपी फरहान से पीड़िता अन्य छात्राओं ने भी उसके खिलाफ पुलिस थाना अशोका गार्डन और पुलिस थाना जहांगीराबाद में शिकायतें दर्ज कराई थीं। मामले के तूल पकड़ने के बाद पुलिस के आला अफसरों ने मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। पुलिस ने फरहान और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर 28 अप्रैल को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने के लिए पुलिस रिमांड पर लिया था। पुलिस द्वारा आरोपियों के चेहरों को भगवा कपड़ा में छुपाकर कोर्ट में पेश किए जाने से आक्रोशित वकीलों ने आरोपियों की जमकर पिटाई कर दी थी। कोर्ट परिसर में रात के 9 बजे तक अफरा-तफरी का माहौल रहा था। 3 मई को अशोका गार्डन पुलिस ने आरोपी फरहान को ग्राम सरवर रातीबढ़ में शर्ट एनकाउंटर में दायें पैर में गोली मार दी थी।

## सोनम-राजा जैसा कांड! पत्नी ने पति पर चलवा दी बंदूक, गंभीर घायल

संवाददाता ● उज्जैन

मध्य प्रदेश के इंदौर का राजा रघुवंशी हत्याकांड अभी सुर्खियों में ही बना हुआ है, ऐसे में एक और मामला उज्जैन से सामने आया है। धार्मिक नगरी उज्जैन में एक महिला ने अपने ही पति पर ही बंदूक से जानलेवा हमला करा दिया। पति मान के कार्यक्रम में शामिल होने गया था जहां उस पर कार्यक्रम स्थल के बाहर ही बंदूक से फायरिंग की गई। इस घटना के दौरान युवक गोली लगने से तो बच गया लेकिन इस दौरान एक अन्य महिला घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरा मामला जीवाजीगंज थाना क्षेत्र का है जहां अंकपात मार्ग स्थित शुभ लाभ गार्डन पर श्वेता पति



लीलाधर परिहार निवासी लक्ष्मीबाई मार्ग माली धर्मशाला के यहां आयोजित एक मान के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जयराज निवासी पटेल कॉलोनी अंकपात मार्ग देर रात को पहुंचा था। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जब वह कार्यक्रम स्थल से बाहर निकल रहा था तभी हमलावरों ने उसे रोका और बंदूक से फायरिंग कर दी। जयराज फायरिंग से जैसे तैसे बचा लेकिन श्वेता परिहार नाम की एक महिला घायल हो गई। इस पूरे मामले की जानकारी मिलने पर जीवाजीगंज थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घायल जयराज बेस ने बताया कि मेरी पत्नी ने ही मुझ पर संपत्ति के लिए यह हमला कराया है। काफी समय से दहेज प्रताड़ना को लेकर उससे विवाद चल रहा है लेकिन वह चाहती है कि मुझे मार कर वह सारी संपत्ति हड़प ले। जयराज ने यह भी कहा कि पत्नी के कहने पर ही उसके साले यश चौहान और वैभव चौहान ने शेलू सिंह, सनी और अन्य लोगों से उस पर हमला कराया था जिसमें वह बाल-बाल बच गया।

### नीत गुप्ता ने प्रोग्राम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसकी खासियत है कि यह एक इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से डिग्री प्रोग्राम है

# फ्यूचर्ड और आईसेक्ट इनोवेशन स्टूडियों का हुआ उद्घाटन

संवाददाता ● भोपाल

**उद्घाटन**

गुणवत्तापूर्ण और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कौशल शिक्षा प्रदान करने के प्रयास के तहत आईसेक्ट एवं फ्यूचर्ड (Futred) के बीच साझेदारी की गई है। इस पहल के अंतर्गत शुक्रवार को भोपाल स्थित आईसेक्ट के सारथान ऑफिस में फ्यूचर्ड-आईसेक्ट इनोवेशन स्टूडियो का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बतौर अतिथि फुटरेड इनोवेशन, लंदन के डायरेक्टर पुनीत गुप्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा अन्य अतिथियों में संत रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क के पूर्व निदेशक शमीमुद्दीन, स्कोप डिफेंस एकेडमी के डायरेक्टर मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव और आईसेक्ट से मुकेश शर्मा, नेशनल प्लेसमेंट हैड उद्दीपन चटर्जी, स्किल डेवलपमेंट डायरेक्टर डॉ. अजय भूषण उपस्थित रहे।





इस दौरान कार्यक्रम में पुनीत गुप्ता ने प्रोग्राम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसकी खासियत है कि यह एक इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से डिग्री प्रोग्राम है। इसमें स्टूडेंट्स को विदेश में पढ़ाई करने के अवसर के साथ वर्ल्ड के टॉप एक्सपर्ट से पढने और बेस्ट इंडस्ट्री एक्सपोजर प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। वहीं, डॉ. अजय भूषण ने अपने वक्तव्य में बताया कि आईसेक्ट एवं फ्यूचर्ड के बीच समझौता हस्ताक्षर किया गया है जिसके अंतर्गत छात्रों को अंडरग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स की पहल की जा रही है। इसके लिए फ्यूचर्ड-आईसेक्ट इनोवेशन स्टूडियों की स्थापना भोपाल एवं इंदौर में की जा रही है। भोपाल के बाद 14 जून को इंदौर में इनोवेशन स्टूडियो का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर आईसेक्ट के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने आईसेक्ट की टीम और फ्यूचर्ड को शुभकामनाएं प्रदान की और कहा कि मप्र में यह संभवतः अपनी तरह का पहला इनीशिएटिव है जिससे कि स्थानीय स्टूडेंट्स को इंटरनेशनल एक्सपोजर मिल पाएगा।

# शिल्पा का विदेशियों से हुआ जोरदार झगड़ा



शिल्पा शेट्टी अपना 50वां बर्थडे मनाने क्रोएशिया के हवार आइलैंड के एक रेस्टोरेंट में पहुंची थीं, जहां उनका कुछ विदेशियों से जोरदार झगड़ा हो गया। इस झगड़े का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक्ट्रेस चिल्लाते हुए नजर आ रही हैं। वहीं राज कुंद्रा भी विदेशियों से कह रहे हैं जानते नहीं हम कौन हैं। अब राज कुंद्रा ने इस झगड़े की वजह बताई है। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि शिल्पा शेट्टी अपने परिवार के साथ रेस्टोरेंट में खड़ी वहां मौजूद टेबल पर बैठे लोगों से बहस करती नजर आ रही हैं। वहीं एक विदेशी महिला चिल्लाते हुए उन्हें चीखकर बात करने पर बातें सुना रही है। इसी बीच सुना जा सकता है, चुप हो जाओ, हम तुम्हें नहीं सुनना चाहते। हालांकि ये साफ नहीं है कि ये आवाज शिल्पा की है या उनकी बहन शमिता की। पत्नी की बहस होते देख राज कुंद्रा भी भड़क गए और चिल्लाकर कहा, तुम जानते नहीं हो हम कौन हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर माधवन बत्रा नाम के यूजर के अकाउंट से पोस्ट किया गया है, जो कथित तौर पर वहीं मौजूद थे। हाल ही में हिंदुस्तान को दिए इंटरव्यू में राज कुंद्रा ने झगड़े की वजह बताई है। उन्होंने कहा, ऑनलाइन आए वीडियो पर मैं साफ करना चाहता हूं कि मैंने पत्नी का बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिए एक रेस्टोरेंट में एक साल पहले एडवांस बुकिंग करवाई थी। दुर्भाग्य से जब हम पहुंचे तो हमें कहा गया कि हमारी टेबल किसी दूसरे ग्रुप को दे दी गई है, जिसे वो एजेंट द्वारा डबल बुकिंग एरर कह रहे हैं। आगे राज ने कहा, खुद एक रेस्टोरेंट का मालिक होने के नाते मुझे ये सिचुएशन हैंडल करना बेहद फ्रस्टेटिंग लगा, खासकर तब जब अपने बुजुर्ग पेरेंट्स, सास और 20 गेस्ट इंतजार कर रहे थे। जो एक स्पेशल इवनिंग होनी थी वो स्ट्रेसफुल बन गई। और जब हमने नाराजगी जताई, तो हमें चुप रहने को कहा गया, जिससे नाराजगी और बढ़ गई। एक साल की तैयारी में रेस्टोरेंट मैनेजमेंट की जवाबदेही न होना बेहद निराशाजनक था। बताते चलें कि 9 जून को शिल्पा शेट्टी 50 साल की हो चुकी हैं। इस खास मौके पर वो परिवार के साथ फैमिली वेकेशन पर गई हैं। जहां से वो लगातार खूबसूरत तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट कर रही हैं।

# लड़की से फोन पर करता है गंदी बात

## OTT की इस साइबर क्राइम थ्रिलर को भूलकर भी न करें मिस

साइबर क्राइम मौजूदा समय में अपनी जड़े तेजी से फैला रहा है। आम जनता से लेकर तमाम नामचीन हस्तियां समय-समय पर ऑनलाइन ठगी का शिकार होती हुई पाई गई हैं। इस मामले में सिनेमा जगत ने कई सारी मूवीज और वेब सीरीज को निर्माण किया है। इन सबके के बीच आज हम आपको साउथ सिनेमा की एक बेस्ट साइबर क्राइम थ्रिलर मूवी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें रोमांच की कोई कमी नहीं है। ऐसे में आइए जानते हैं कि यहां कौन सी मूवी के बारे में चर्चा की जा रही है और ऑनलाइन ये किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखने को



मिलेगी। साउथ सिनेमा की इस मूवी को करीब 3 साल पहले रिलीज किया गया था। 1 घंटा 46 मिनट की मूवी की कहानी आपका दिमाग घूमाकर रख देगी। फिल्म की स्टोरी पर गौर किया जाए तो इसमें एक शख्स हैंकिंग के माध्यम से एक लड़की का नंबर हासिल कर लेता है, जो पहले से ही साइबर सेल में काम करती है। वह व्यक्ति हर रोज रात में उस लड़की से फोन पर गंदी बातें करके परेशान करता है। तंग आकर वह लड़की पुलिस में मामले की शिकायत दर्ज कराती है। लेकिन फिर भी उसके हाथ कामयाबी नहीं लगती है। फिर वही लड़की उस लड़के उसकी भाषा में जवाब देते हुए साइबर सेल की सहायता से उसका पर्दाफाश करती है और अकल ठिकाने लगाती है। लेकिन वो लड़की इसके लिए कौन सा प्लान बनाती है और वह लड़का कौन होता है जो उसे परेशान करता है।

# इंडी फिल्म फेस्टिवल में कटरीना कैफ ने मारी बाजी

न्यूयॉर्क में इंडी फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स के पहल संस्करण का आयोजन हुआ है। भारतीय सिनेमा के इतिहास में ये एक खास कदम है और अब प्रतिभाओं को उनके काम के लिए अतिरिक्त सम्मान मिला है। इंडी फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स के विजेताओं के नाम का एलान कर दिया गया है। जिसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ को बेस्ट एक्ट्रेस तो कार्तिक आर्यन को बेस्ट एक्ट का खिताब मिला है। न्यूयॉर्क इंडी फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2025 के विजेताओं के नाम की घोषणा की गई है। हिंदी सिनेमा की फिल्मों और कलाकारों के लिए सम्मान का अब ये नया मंच में जिसके पहले संस्करण में कई हस्तियों ने बाजी मारी है।



### 2024 की मूवीज को मिला पुरस्कार

बता दें कि ये इंडी फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स साल 2024 की फिल्मों के लिए कलाकारों को दिया गया है। इस अवॉर्ड समारोह का दूसरा संस्करण 2025 की मूवीज के लिए होगा, जो अगले साल आयोजित किया जाएगा। बतौर एक्ट्रेस कटरीना कैफ और एक्टर कार्तिक आर्यन के लिए ये बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर इनकी फिल्में मैरी क्रिसमस और चंदू चैंपियन बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं। ऐसे में इंडी फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स में कामयाबी हासिल करना इनके लिए खास बात है।

# प्रियंका चोपड़ा को ऑफर हुआ था रामायण में शूर्पणखा का रोल

## इस वजह से एक्ट्रेस ने नहीं की फिल्म



नितेश तिवारी की रामायण इन दिनों काफी चर्चा में है। फिल्म में कई स्टार्स शामिल हो गए हैं। रणबीर कपूर यहां राम बन रहे हैं वहीं साई पल्लवी फिल्म में सीता का रोल कर रही हैं। रकुल प्रीत फिल्म में शूर्पणखा का किरदार निभा रही हैं, लेकिन अब खबर आ रही है कि रकुल से पहले प्रियंका चोपड़ा को फिल्म में शूर्पणखा का किरदार निभाने का ऑफर दिया था। ई टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका को शूर्पणखा के रोल का ऑफर दिया था, लेकिन उनके इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स में बिजी होने की वजह से एक्ट्रेस के पास टाइम नहीं है। इसके बाद रकुल को फिल्म में लिया गया। रकुल परफेक्टली फिट हो गईं रोल में और एक फ्रेंशनेस लेकर आईं किरदार में। वैसे प्रियंका को हिंदी फिल्म में देखने के फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। लास्ट वह फिल्म द स्काई इज पिंक में नजर आई थीं जिसमें उनके साथ फरहान अख्तर लीड रोल में थे। वहीं रामायण की बाकी कास्ट की बात करें तो इसमें यश, रावण का किरदार निभाएंगे। सनी देओल, हनुमान का, रवि दुबे लक्ष्मण, मोहित रैना भगवान शिव का। वहीं अरुण गोविल, राजा दशरथ का किरदार निभाएंगे, लारा दत्ता, कैकेयी का, काजल अग्रवाल करेंगी मन्दोदरी का रोल। प्रियंका के प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह फिलहाल अपने इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स पर फोकस कर रही हैं। वह हेड ऑफ स्टेट, द ब्लफ में नजर आएंगी। इसके अलावा वह एस एस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी29 में भी नजर आने वाली हैं जिसमें उनके साथ महेश बाबू लीड रोल में हैं।

# मुझसे गलती हुई... वांगा के आरोप पर बोले आमिर खान

आमिर खान ने फिल्म डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के उनके मशहूर गाने 'खंभे जैसी खड़ी है' पर की गई आलोचना पर रिएक्ट किया है। आमिर ने माना कि इस गाने में महिलाओं को ऑब्जेक्ट की तरह पेश किया गया था। और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत में ऐसे कंटेंट को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी भी ली। बॉलीवुड में अक्सर ही ऐसे गाने बनते रहे हैं जहां हीरोइन को या महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई किया जाता रहा है। ऐसा ही एक गाना आमिर खान ने भी किया था। उनकी मशहूर फिल्म 'दिल' का गाना 'खंभे जैसी खड़ी है' को इसके एग्जाम्पल के तौर पर दिया जाता रहा है। खुद आमिर भी इस बात को मानते हैं कि ये गाना सही नहीं था। तब कोई इतनी गहराई से नहीं सोचता था। जूम से बात करते हुए आमिर ने अपने पुराने फैसलों पर आत्मचिंतन किया और बताया कि अब वो पहले से ज्यादा संवेदनशील हो गए हैं। उन्होंने कहा- मैंने वो किया था, और उस वक्त मुझे वो अच्छा लगा था। लेकिन बाद में समझ आया कि वो सही नहीं था। अगर मुझसे कोई गलती होती है तो मुझे माफी मांगने में कोई दिक्कत नहीं है। मुझे भी लगता है कि अपने करियर की शुरुआती दौर में मैंने कई ऐसे काम किए जो सही नहीं थे, जैसे महिलाओं को ऑब्जेक्ट की तरह दिखाना।

# साउथ से बॉलीवुड तक बड़ी फिल्मों की पहली पसंद हैं दीपिका

## ये प्रोजेक्ट्स बनाएंगे इंडिया की हीरोइन नंबर 1



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण पिछले दिनों काफी चर्चा में रहीं। वजह थी 'एनिमल' डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की अगली फिल्म 'स्पिरिट' से उनका बाहर निकलना। वांगा की 'स्पिरिट' उन सबसे बड़े पैन-इंडिया प्रोजेक्ट्स में से एक है जिनका इंतजार जनता टकटकी लगाए कर रही है। फिल्म के हीरो प्रभास हैं और इसमें कई इंटरनेशनल एक्टर्स की कास्टिंग को लेकर भी रिपोर्ट्स आ रही हैं। ऐसे में अचानक से दीपिका का इस फिल्म से अलग होना और उनके फिल्म छोड़ने की वजहों को लेकर सोशल मीडिया पर काफी डिस्कशन चलता रहा। मगर इस सारे शोरशराबे से दूर दीपिका ने इसपर कुछ भी रियेक्ट नहीं किया। जब दुनिया 'स्पिरिट' से उनकी एग्जिट पर चर्चा कर रही थी तभी दीपिका का नया प्रोजेक्ट अनाउंस हो गया और ये फिल्म खुद इंडिया की सबसे बड़ी फिल्मों में गिनी जा रही है। ये दीपिका के स्टारडम का कद बताता है। इस वक्त वो ऐसी फॉर्म में हैं कि उनके पास एक से बढ़कर एक बड़े प्रोजेक्ट हैं। बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस कही जाने वालीं दीपिका को ये प्रोजेक्ट अब इंडिया की सबसे बड़ी एक्ट्रेस बनाने का दम रखते हैं। आइए बताते हैं इन प्रोजेक्ट्स के बारे में।।। 'चेन्नई एक्सप्रेस', 'पद्मावत' और 'हैप्पी न्यू ईयर' जैसी कई बड़ी बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं दीपिका ने लॉकडाउन के बाद वाले दौर में वो मुकाम हासिल कर लिया है कि बड़े स्केल और बजट वाले हर प्रोजेक्ट के लिए मेकर्स पहले उनके नाम पर जरूर विचार करते हैं। लॉकडाउन के बाद उनकी पहली थिएट्रिकल रिलीज शाहरुख खान के साथ 'पठान' थी। सबसे बड़ी इंडियन फिल्मों की लिस्ट में शामिल प्रोजेक्ट का हिस्सा होना दीपिका के करियर के लिए एक बड़ा बूस्ट लेकर आया। 'पठान' शाहरुख जैसे सुपरस्टार की ऐसी फिल्म थी, जिसकी अनाउंसमेंट के बाद से ही सारा फोकस उन्हीं पर था। फिर भी दीपिका ने अपने लिए एक ऐसा किरदार चुना जो सिर्फ हीरो के साथ रोमांटिक रिलेशनशिप में नहीं है, बल्कि फिल्म के प्लॉट में भी उसका बहुत बड़ा रोल है। इससे ये दिखा कि सुपरस्टार्स का भौकाल बनाने वाली फिल्मों में भी वो अपने हिस्से की जमीन पर डटकर खड़ी रहती हैं और इससे फिल्म को वजन मिलता है। इसके बाद नाग अश्विन की 'कल्कि 2898 AD' वो पैन-इंडिया हिट बनकर आई जिसने नॉर्थ से लेकर साउथ तक दीपिका को जमकर तारीफ

# पायल घोष ने खो दी अपनी बचपन की सहेली, लिखा- 'मुझे पता था'



अहमदाबाद प्लेन हादसे ने सभी को हिलाकर रख दिया है। विमान में कुल 242 लोग सवार थे जिनमें से कुछ विदेशी यात्री और 12 क्रू मेंबर्स थे। विमान में सवार लगभग सभी यात्रियों के मरने की खबर है जिनमें गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी का नाम भी शामिल है। हालांकि इस दौरान एक चमत्कार भी हुआ और रमेश विश्वास कुमार नाम के यात्री की जान बच गई। उनके जो वीडियो वायरल हो रहे हैं उसमें उन्हें चलते हुए देखा जा सकता है। बॉलीवुड जगत के कई सेलेब्स ने इस दुखद हादसे पर शोक जताया और पीड़ित परिवार को ये सहन करने की ताकत मिले इसकी कामना की। इस हादसे में कई लोगों ने अपने करीबीयों को खो दिया। इसमें से एक तेलुगु और हिंदी फिल्म अभिनेत्री पायल घोष भी हैं। पायल की कॉलेज की दोस्त प्रीति चटर्जी इस विमान में सवार थीं। अभिनेत्री ने अपनी दोस्त के निधन पर शोक व्यक्त करने करते हुए इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'RIP प्रीति। चटर्जी परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। #ahmedabadplanecrash।' प्रीति के बारे में बात करते हुए पायल ने कहा, 'मुझे पता था कि वह लंदन जा रही थी, और जैसे ही मैंने यह खबर सुनी, मैंने तुरंत उसके परिवार से बात की। दुर्भाग्य से, उनकी चुप्पी ने ही सब कुछ बता दिया। मैं सदमे में हूं। वह मेरे कॉलेज के दिनों से मेरी दोस्त रही है, और मुझे यकीन ही नहीं हो रहा है कि वह अब नहीं रही।' अभिनेत्री ने कहा, 'मैं उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं और उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति और साहस मिले। ओम शांति। सिर्फ उनके लिए ही नहीं, बल्कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी लोगों के लिए मेरी प्रार्थना है और भगवान उनके सभी परिवारों को आशीर्वाद दे।' इसके अलावा शाह रुख खान, अक्षय कुमार, कंगना रनौत और अन्य कई बॉलीवुड सेलेब्स ने विमान दुर्घटना की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। शाहरुख खान ने ट्वीट किया, 'अहमदाबाद में दुर्घटना की खबर सुनकर दिल टूट गया... पीड़ितों,उनके परिवारों और सभी प्रभावितों के लिए मेरी प्रार्थनाएं।' विमान दुर्घटना के बाद 'दुखी' आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए प्रार्थनाएं और समर्थन भेजा। उन्होंने लिखा- ये बहुत ही दुखद है। मेरा दिल दुख रहा है मैं यात्रा कर रहे यात्री, क्रू और उनके सभी चाहने वालों के लिए प्रार्थना करती हूं।

# करिश्मा कपूर के पूर्व पति संजय कपूर का निधन

बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति संजय कपूर का हार्ट अटैक से निधन हो गया। यह घटना मैच के दौरान हुई जब वह पोलो खेल रहे थे तभी उनको दिल का दौरा पड़ा। हालांकि उनको तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। संजय कपूर की शादी करिश्मा कपूर से हुई थी, जिनसे उनके दो बच्चे हैं - बेटी समायरा और बेटा कियान। वर्तमान में उनकी पत्नी प्रिया सचदेव हैं। संजय कपूर के करीबी रहे अभिनेता सुहेल सेठ ने इंटरनेट मीडिया पर यह खबर साझा की है। सुहेल ने एक्स पर लिखा, संजय कपूर के निधन पर गहरा दुख हुआ, गुरुवार सुबह इंग्लैंड में उनका निधन हो गया। उनके परिवार और सहयोगियों के प्रति गहरी संवेदना है। संजय कपूर की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। वह एक उद्योगपति और सिक्सट इंडिया के सीईओ थे। उनकी शादी पहले करिश्मा से हुई थी, जिनसे उनके दो बच्चे हैं, बेटी समायरा और बेटा कियान। 29 सितंबर 2003 को दोनों ने मुंबई में अभिनेत्री के पैतृक घर कृष्णा राज बंगले में एक हाई-प्रोफाइल सिख विवाह समारोह में शादी की थी। 2014 में इस जोड़े ने आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दाखिल की थी। 2016 में इस जोड़े का तलाक हो गया।





# 'क्या जरूरत थी...' दिल्ली एयरपोर्ट पर गौरी का प्रोटेक्टिव

## सुहाना के लिए पैप्स का कैमरा बंद करवाया

बी-टाउन की पॉपुलर इंटीरियर डिजाइनर और शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान को हाल ही में दिल्ली एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। आमतौर पर जहां गौरी स्माइली फेस से फैंस का स्वागत करती हैं आज कुछ गुस्से में नजर आईं। दिल्ली एयरपोर्ट पर दोनों ही मां-बेटी काफी स्टाइलिश लुक में नजर आ रही थीं। सुहाना ने ब्लू डेनिम के साथ बेसिक ब्लैक टॉप पहना था। वहीं, गौरी ऑफ वाइट जैकेट के साथ ब्लू डेनिम और ब्लैक गॉगल्स में दिखीं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वो पैपराजी को सुहाना की तस्वीरें क्लिक करने से रोकते हुए दिखाई दे रही हैं। एक पैपराजी पेज ने इस वीडियो को अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर किया है। जब कैमरे अचानक से फ्लैश चमकने लगते हैं तो गौरी आगे बढ़कर पैप्स से उनकी तस्वीरें न क्लिक करने का अनुरोध करती हैं। गौरी को देखकर ये साफ लग रहा था कि वो सुहाना के लिए एक प्रोटेक्टिव मां का किरदार बड़ी ही जिम्मेदारी के साथ निभा रही हैं। इस बीच,सुहाना ने अपना सिर नीचे किया और तेजी से आगे बढ़ गईं। इस दौरान सुहाना पैपराजी को इग्नोर करते दिखीं। इंटरनेट यूजर्स गौरी के इस बर्ताव से हैरान हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि आखिरी उन्होंने ऐसा क्यों किया। सुहाना ने दिसंबर 2023 में जोया अख्तर द्वारा निर्देशित नेटफ्लिक्स ओरिजिनल द आर्चीज़ से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ ख़ुशी कपूर, अगस्त्य नंदा, डॉट, मिहिर आहूजा, वेदांग रैना और युवराज मेंडा भी थे। इसके बाद, सुहाना अपने पिता के साथ बहुत जल्द मच अवेटेड फिल्म किंग में नजर आएंगी। इस प्रोजेक्ट को पहले सुजॉय घोष ने डायरेक्ट करने वाले थे लेकिन अब इसे सिद्धार्थ आनंद निर्देशित कर रहे हैं। कथित तौर पर इस फिल्म में जैकी श्रॉफ, अनिल कपूर, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, दीपिका पादुकोण, जयदीप अहलावत और अभय वर्मा जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए कैसी है भारत की तैयारी? बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल ने बताई सच्चाई

एजेंसी ● लंदन

भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच टेस्ट मैच की सीरीज शुरू होने वाली है, जिससे पहले इंट्रा-स्क्वॉड मैच खेला जा रहा है। भारतीय खिलाड़ी ट्रेनिंग सेशन में जमकर पसीना बहा रहे हैं। टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने ट्रेनिंग सेशन के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष जताया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि अभ्यास के साथ-साथ मैदान पर निरंतरता इंग्लैंड में महत्वपूर्ण होगी।

## मोर्ने मोर्कल ने अपने बयान में क्या कहा?

बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर मोर्ने मोर्कल का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें मोर्कल ने कहा, 'अब तक के दो दिवसीय अभ्यास में, परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थीं। यह बल्लेबाजों के लिए एक परीक्षा थी, जो एक तरह से उन्हें आने वाले समय के लिए तैयार होने में भी मदद करती है। मुझे नहीं लगता कि विकेट में उतनी जान होगी, जितना हमने यहां अनुभव किया है।'उन्होंने आगे कहा, 'बल्ले और गेंद के बीच कशमकश काफी अच्छी रही है, लेकिन मुझे लगता है कि यह केवल इसलिए है क्योंकि विकेट में थोड़ी-सी जान है। जैसे ही विकेट सपाट हो जाता है, गेंदबाज पीछे हट जाते हैं। मैं उन्हें बताऊंगा कि केवल तब आक्रामकता दिखाएं, जब विकेट में बाउंस हो। जब विकेट सपाट हो, तब हमें अपना कैरेक्टर दिखाना होगा।'गेंदबाजी कोच ने कहा, 'मुझे लगता है कि इंग्लैंड में निरंतरता महत्वपूर्ण है। जब हम अभ्यास करते हैं तो निरंतरता होती है। मैदान के बाहर निरंतरता होती है। यह जानना होता है कि एक खिलाड़ी के तौर पर आपके लिए क्या बेहतर होगा। हमारे पास बहुत विविधता है, हमारे आक्रमण में विविधता है, अलग-अलग स्किल्स वाले खिलाड़ी हैं, इसलिए वे ऐसा कर सकते हैं और फिर भी बुनियादी बातों को अच्छी तरह से लागू कर सकते हैं।'इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज के साथ भारतीय टीम 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरूआत करने जा रही है। मोर्कल ने कहा, 'कुल मिलाकर, अब तक की शुरूआत से खुश हूं। हम लाल गेंद से इतना नहीं खेले हैं, उसे देखते हुए मैं थोड़ा नर्वस था, लेकिन पिछले तीन दिनों में खिलाड़ियों की ट्रेनिंग देखना सुखद है। हमारे पास एक शानदार टीम है, ऊर्जा है, आपको इसकी जरूरत है। आपको टेस्ट सीरीज में आत्मविश्वास के साथ खेलने और टीम भावना रखने की जरूरत है।'



# मिचेल स्टार्क ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में रचा इतिहास, वो कर दिखाया जो आज तक किसी ने नहीं किया

एजेंसी ● लॉर्ड्स

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर ऑल आउट कर दिया था। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने पलटवार करते हुए साउथ अफ्रीका को 138 रन पर ऑल आउट कर दिया। वहीं दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट 73 रन पर गिर गए थे। इसके बाद अनुभवी गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने बल्लेबाजी में भी कमाल कर दिया। वह साउथ अफ्रीका के लिए सिरदर्द बन गए थे और आउट होने का नाम नहीं ले रहे थे। इसी के साथ मिचेल स्टार्क ने इतिहास भी रच दिया।



### मिचेल स्टार्क ने बड़ा रिकॉर्ड किया अपने नाम

मिचेल स्टार्क ने दूसरी पारी में 136 गेंद का सामना कर 58 रन की शानदार पारी खेली। वह अंत तक नाबाद रहे। स्टार्क 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। बता दें कि आईसीसी फाइनल्स में 9वें नंबर पर अर्धशतक जड़ने वाले मिचेल स्टार्क पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले यह कारनामा किसी और खिलाड़ी ने नहीं किया है। स्टार्क ने अपनी 58 रन की पारी में 5 चौके भी लगाए थे। यह उनके टेस्ट करियर की 11वीं फिफ्टी थी। 10वें विकेट के लिए मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने 59 रन जोड़े। यह आईसीसी फाइनल्स में 10वें विकेट के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। जोश हेजलवुड ने 53 गेंदों का सामना कर 17 रन बनाए। हेजलवुड ने अपनी पारी में 2 चौके लगाए थे। बता दें कि ऐसा सातवीं बार हुआ है जब ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट 75 रन के अंदर गिर गए हों और उसके बावजूद उन्होंने 150 रन का स्कोर पार कर लिया हो।ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 207 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गया था और उन्होंने साउथ अफ्रीका के सामने 282 रन का टारगेट डब्ल्यूटीसी फाइनल में रखा है।

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच लॉर्ड्स में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल जारी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के पास दूसरे दिन की समाप्ति तक 218 रन की लीड थी। वही तीसरे दिन पहले सेशन में ऑस्ट्रेलिया ने इसमें 63 रन जोड़े और साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दे दिया है। मिचेल स्टार्क ने 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक भी ठोका।साउथ अफ्रीका का दूसरा विकेट 70 रन के स्कोर पर वियान मुल्डर के रूप में गिरा है। वियान मुल्डर 50 गेंद में 27 रन बनाकर आउट हुए हैं। उन्होंने कुल 5 चौके जड़े हैं। मुल्डर को स्टार्क ने आउट किया है। अब तक दोनों विकेट स्टार्क ने ही इस पारी में लिए हैं।

तीसरे ही ओवर में झटका लगने के बाद साउथ अफ्रीका की टीम अच्छी बैटिंग कर रही है। टीम के 13वें ओवर में 50 रन पूरे हो गए। 13 ओवर के बाद स्कोर एक विकेट पर 51 रन है। एडेन मार्करम ने कुछ अच्छे शॉट खेले। 31 गेंद पर उनके बल्ले से 21 रन निकले हैं। वियान मुल्डर 39 गेंद पर 23 रन बनाकर खेल रहे हैं।साउथ अफ्रीका को तीसरे ही ओवर में झटका लग गया है। ओवर की पहली ही गेंद पर मिचेल स्टार्क ने रेयान रिकेल्टन को आउट कर दिया। बल्लेबाजी में फिफ्टी लगाने के बाद स्टार्क ने आगे की आउट स्विंग पर पर विकेट लिया। विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने उनका कैच लिया। 8 गेंद पर रिकेल्टन के बल्ले से 6 रन निकले।282 रन के टारगेट का पीछा करने के लिए साउथ अफ्रीका लंच के बाद मैदान में उतरी है। एडन मार्करम और रियान रिकेल्टन साउथ अफ्रीका के लिए ओपनिंग कर रहे हैं। बता दें कि लॉर्ड्स में 2005 के बाद से सिर्फ एक बार 200 प्लस का टारगेट चेज हुआ है।

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के अनुभवी गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने बल्लेबाजी में भी दम दिखाया। उन्होंने 9वें नंबर पर आकर 136 गेंद खेलकर 56 रन की गजब पारी खेली। वहीं जोश हेजलवुड के साथ उनकी आखिरी विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 207 रन बनाकर ऑल आउट हो गई है। ऑस्ट्रेलिया के पास पहले से ही 74 रन की लीड थी। ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दिया है।साउथ अफ्रीकी गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया की आखिरी जोड़ी नहीं तोड़ पा रही है। मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की जोड़ी 15 से ज्यादा ओवर खेल चुकी है। 58 ओवर के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9 विकेट पर 186 रन है। स्टार्क 108 गेंद पर 44 रन बनाकर खेल रहे हैं। हेजलवुड के बल्ले से 39 गेंद पर 10 रन निकल चुके हैं। दोनों के बीच 93 गेंद पर 38 रनों की साझेदारी हुई है। ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 260 रनों की हो चुकी है।

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पास अब 243 रन की बढ़त हो गई है। मिचेल स्टार्क 31 रन पर नाबाद खेल रहे हैं। उनका साथ बखूबी जोश हेजलवुड निभा रहे हैं। हेजलवुड 8 रन पर नाबाद खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया का स्कर अब 9 विकेट पर 169 रन हो गया है।तीसरे दिन कागिसो रबाडा ने नाथन लायन को 2 रनों पर पगबाधा आउट करते हुए कंगारुओं को 9वां झटका दिया। ऑस्ट्रेलियाई पारी का सिर्फ एक विकेट बचा है। हालांकि, टीम का स्कोर 200 पार कर चुका है तो ऑस्ट्रेलियाई टीम राहत की सांस ले रही होगी। दूसरे दिन के खेल तक कगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी तीन-तीन विकेट अपने नाम कर चुके हैं। पहला डब्ल्यूटीसी खिताब न्यूजीलैंड की टीम अपने नाम कर चुकी है, जबकि दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने टाइटल अपने नाम किया था। ऐसे में इस बार दक्षिण अफ्रीका के पास पहली बार खिताब जीतने का 'गोल्डन चांस' है।ऑस्ट्रेलिया के पास पहली पारी के आधार पर 74 रन की बढ़त थी।

# जॉन सीना का सीएम पंक के खिलाफ जीतना लगभग तय, लेकिन ये रेसलर 53 की उम्र में देगा चुनौती



एजेंसी ● नई दिल्ली

जॉन सीना डब्ल्यूडब्ल्यूई अनडिस्प्यूटेड चैंपियनशिप को नाईट ऑफ चैंपियंस में सीएम पंक के खिलाफ डिफेंड करेंगे। लेकिन, जीतने के आसार जॉन सीना के ही ज्यादा हैं। हहए को जल्द ही सीना से चैंपियनशिप लेनी होगी क्योंकि उनके हहए में 20 से भी कम अपियरेंस बचे हैं। हहए शायद ऐसा एंगल नहीं बनाएगा कि सीना चैंपियनशिप के साथ ही हहए छोड़ दें। सीएम पंक उन्हें हराने के लिए अच्छे दावेदार हैं पर नाईट ऑफ चैंपियंस में ऐसा होना मुश्किल है।

सीना और पंक का मैच नाईट ऑफ चैंपियंस में बिक्री और व्यूअरशिप बढ़ा सकता है, लेकिन ये स्टोरीलाइन इतनी मजबूत नहीं है कि सीना को हराया जा सके। पीटर रोसेनबर्ग के साथ चीप हीट के एक एपिसोड में उन्होंने कहा कि रॉन किलिंग्स, जिन्हें पहले आर-ट्रुथ के नाम से जाना जाता था उनमें अभी भी वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने की क्षमता है, भले ही वे 50 साल से ऊपर के हों। वास्तव में, वे सीना को हराने वाले बन सकते हैं।जॉन सीना और आर-ट्रुथ के बीच सैटरडे नाईट मेन इवेंट में हुआ मैच नॉन-टाइटल मैच था। आर-ट्रुथ ने इसे स्वीकार किया क्योंकि वे दयालु थे। रॉन किलिंग्स वैसे नहीं हैं। वे आर-ट्रुथ से अलग हैं और अगर उन्हें जॉन सीना के खिलाफ बुक किया जाता है, तो वे वर्ल्ड चैंपियनशिप मैच की मांग करेंगे। इसके अलावा, अएह फैंस अब कुछ ऐतिहासिक मैच देख सकते हैं क्योंकि कंपनी ने ऐतिहासिक कंटेंट के बारे में अपनी रणनीति बदल दी है। एक हहए वेटरन ने संकेत दिया कि रॉन किलिंग्स की वापसी ने लॉकर रूम के माहौल को हमेशा के लिए बदल दिया है। पीटर रोसेनबर्ग ने कहा, ३मुझे रॉन किलिंग्स को वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतते हुए देखना अच्छा लगेगा। यह काम करेगा। मुझे पता है मैंने इसके बारे में बात की है। आर-ट्रुथ का इस उम्र में भी टाइटल जीतना अच्छा रहेगा। यह बहुत अच्छा होगा। मैं अब बहुत से लोगों को यह कहते हुए देख रहा हूं कि अब हम देख रहे हैं कि यह कितना ऑर्गेनिक है।

## 41 के बाद अंडरटेकर के बुरे दिन हो गए थे शुरू, सर्जरी के बाद भी फैंस के लिए हमेशा रहे मौजूद

**नई दिल्ली।** अंडरटेकर ने हहए में एक बहुत बड़ा नाम कमाया है। अब वे कंपनी के साथ बिना रेसलिंग किए जुड़े हुए हैं। डेमन फ्रॉम डेथ वैली के नाम से मशहूर अंडरटेकर कई बड़े इवेंट्स में पर्दे के पीछे दिखाई देते हैं। वे स्पेशल अपीयरेंस और अपने भी हिस्सा लेते हैं। वे रेसलमेनिया 41 के दौरान लास वेगास में मौजूद थे। लेकिन, रेसलमेनिया के बाद उनकी तबीयत थोड़ी खराब हो गई। अंडरटेकर की पत्नी मिशेल मैक्कूल ने अपने 'सिक्स फीट अंडर' पॉडकास्ट पर बताया कि रेसलमेनिया 41 से पहले के पांच हफ्तों में उनका ध्यान सिर्फ अंडरटेकर पर था, क्योंकि उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। उन्होंने कहा, हॉल ऑफ फेम और रेसलमेनिया से पहले के पांच हफ्ते...आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रही हूं।

मैं अपने प्यारे पति के अलावा किसी और चीज पर ध्यान नहीं दे पा रही थी। वो पांच हफ्ते बहुत मुश्किल थे। मिशेल मैक्कूल ने बताया कि वह अंदर से बहुत चिंतित थीं। उन्हें अपने पति के स्वास्थ्य की चिंता थी। दिल की समस्या के कारण वह अपने हहए हॉल ऑफ फेम इंडक्शन का आनंद नहीं ले पाईं। उन्होंने यह भी बताया कि रेसलमेनिया 41 के बाद अंडरटेकर को दिल की सर्जरी करानी पड़ी।

उन्होंने कहा, जब लोग मुझे बधाई देने आए और पूछा कि मैं कैसी हूं, तो मेरी आंखों में आंसू थे। मैं कहती थी मैं ठीक हूं, लेकिन वे समझ जाते थे कि मैं ठीक नहीं हूं। उन्हें लगा कि यह स्पीच की वजह से है, लेकिन असल में यह दिल की समस्या की वजह से था जो आपको कुछ हफ्ते पहले हुई थी। हमें भगवान की कृपा से पता चला। यह पूरी तरह से भगवान की कृपा थी, लेकिन यह बहुत डरावना था।

## काली पट्टी बांधकर क्यों उतरी साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया? वजह जानकर आप भी करेंगे सम्मान

**लंदनः** साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स के मैदान पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताबी मुकाबला खेला जा रहा है। मैच के तीसरे दिन दोनों ही टीमों के खिलाड़ी हाथ पर काली पट्टी बांधकर खेलने मैदान पर उतरे। उन्होंने ऐसा अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए किया है। एयर इंडिया की बोइंग 787-8 फ्लाइट गुरुवार को टेकऑफ के कुछ सेकेंड बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में विमान में सवार 12 क्रू सदस्यों सहित कुल 241 लोगों की जान चली गई। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी के मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और रिचर्ड इलिंगवर्थ भी काली पट्टी बांधकर मैदान पर आए।



सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन गैटविक के लिए उड़ान भर रही फ्लाइट में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, 7 पुर्तगाली नागरिक और 1 कनाडाई नागरिक सवार थे। इस भयावह विमान दुर्घटना में केवल एक व्यक्ति विश्वास कुमार रमेश जीवित पचा। वह विमान की सीट 11-अ पर बैठे थे, जो उस हिस्से में स्थित थी जो टकराव के बाद इमारत की ग्राउंड फ्लोर पर आकर रुकी थी। भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास ने अपनी सीट बेल्ट खोलकर विमान से बाहर निकलने में कामयाबी पाई। उन्होंने बताया कि आग लगने पर उनका बायां हाथ झुलस गया।खेल के तीसरे दिन की शुरूआत से पहले कमेंटेटर नासिर हुसैन ने सभी को काली पट्टी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'यह साफ दिखाई दे रहा है कि खिलाड़ी काली पट्टियां बांधे हुए हैं। जब हम यहां इंग्लैंड की धूप में खेल का आनंद ले रहे थे, तब हमारा पूरा ध्यान भारत में हुई उस घटना की ओर था। अहमदाबाद में कल जो भयावह घटना हुई, उसके बाद हम आप सभी से अनुरोध करते हैं कि एक क्षण का मौन रखकर इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के प्रति सम्मान प्रकट करें।



फ्लोरिडा के सनराइज में एनएचएल हॉकी स्टेनली कप फाइनल के गेम 4 के दौरान ओवरटाइम में फ्लोरिडा पैंथर्स को हराने के बाद गोलटेंडर कैल्विन पिकार्ड (30) को घेर लेते हैं।

# इंग्लैंड से टक्कर के लिए भारत का इंट्रा स्क्वाड मैच शुरू

एजेंसी ● बेकेनहैम

केंट इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच आज से बेकेनहैम में चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच शुरू हो चुका है। इस मैच से टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है। यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा।

किसी भी सीरीज से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की



भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है।इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है। इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों। हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी।जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा।इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी के बाद से उन्होंने सिर्फ आईपीएल खेला है। तैयारी के लिए भारत का इंट्रा स्क्वाड मैच बंद स्टेडियम में खेला जा रहा है।




केन्याई ब्लॉगर अल्बर्ट ओजवांग की मौत पर विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रशासन पुलिस सेवा मुख्यालय के बाहर बैठे प्रदर्शनकारियों का एक समूह अपनी सुरक्षा के लिए भागता है, जिसकी पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी, जबकि सरकार 2025-2026 का बजट पेश कर रही है। केन्याई पुलिस ने गुरुवार को एक पुलिस हत्या से नाराज प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे, जिससे सरकार के बजट को बिना किसी अशांति के पारित करने के प्रयासों पर ग्रहण लग गया।

## शॉर्ट न्यूज

### अब रूस पर दबाव बनाने का समय, खत्म होगा युद्धा : यूक्रेन

**वाशिंगटन**। रूस और यूक्रेन युद्ध को तीन साल से ज्यादा का समय हो गया है। दोनों देशों के बीच युद्ध रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऐड़ी-चोटी का जोर लगा चुके हैं, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इस बीच यूक्रेन ने कहा है कि उनका देश इस साल के अंत तक युद्ध समाप्त करना चाहता है। यूक्रेन ने जोर देकर कहा कि अब रूस पर दबाव बनाने का समय है। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रीय सिबीगा ने कहा कि उनका देश इस साल के अंत तक रूस के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त करना चाहता है। रोम में आयोजित एक सुरक्षा सम्मेलन में उन्होंने यह बात यूरोपीय सहयोगियों से कही। सिबीगा ने जोर देते हुए कहा, "हम चाहते हैं कि यह युद्ध इसी साल खत्म हो। रूस के साथ तुष्टीकरण की कूटनीति काम नहीं करती... अब समय आ गया है दबाव की कूटनीति का।

### बाटला हाउस के लोगों में बुलडोजर का डर

**नई दिल्ली**। दिल्ली के बाटला हाउस इलाके में लोग इस वक्त परेशान हैं। यहां पर रहने वाले जावेद ने कहा कि हमें बिजली के मीटर क्यों दिए गए और पानी व गैस की आपूर्ति क्यों की गई। अब अचानक से हमें डिमोलिशन का नोटिस मिला है। बाटला हाउस की गलियों में गुस्सा और अराजकता का माहौल था। स्थानीय लोगों को डर है कि कभी भी बुलडोजर आ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, कई स्थानीय लोगों ने कहा कि वे पांच से छह दशकों से इस इलाके में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह तब हैरान रह गए जब डीडीए ने दो हफ्ते पहले 26 मई को डिमोलिशन का नोटिस लगाया। इसमें कहा गया था कि 11 जून को तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। ज्यादातर लोगों के पास वैकल्पिक आवास के अलावा कोई और ऑप्शन नहीं है। इसलिए उनकी सारी उम्मीदें दिल्ली हाई कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर टिकी थी। जब याचिका पर अंतिम सुनवाई हुई, तो हाई कोर्ट ने आप विधायक को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए कहा कि यह सुनवाई योग्य नहीं है।

### रक्षा बजट ने खोली पोल, आम जनता भूखी मर रही

# उधर चीन से 40 लड़ाकू विमान खरीदने जा रहा पाक

**इस्लामाबाद ● एजेंसी**

पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली के बीच देश ने अपने रक्षा खर्च को बढ़ाते हुए चीन से अत्याधुनिक फिफ्थ जनरेशन स्टील्थ फाइटर जे-35ए की खरीद की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। दरअसल पाकिस्तान ने अपने रक्षा बजट में 20% की वृद्धि की है, जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2,550 अरब रुपए (लगभग 9 अरब डॉलर) आवंटित किए गए हैं। इस

**प्रस्ताव**

वृद्धि का प्रमुख कारण चीन से 40 अत्याधुनिक जे-35ए स्टील्थ फाइटर जेट्स की खरीद का प्रस्ताव है, जो भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की सैन्य ताकत को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। एक भारतीय अंग्रेजी अखबार ने सूत्रों के हवाले से लिखा, पाकिस्तान चीन से 40 जे-35ए स्टील्थ लड़ाकू विमान खरीदने पर बातचीत कर रहा है और अगस्त से इनकी डिलीवरी शुरू हो सकती है। जे-35ए एक ट्विन-इंजन मल्टीरोल फाइटर जेट है, जिसमें PL-17 मिसाइलें और अत्याधुनिक AESA रडार सिस्टम लगे हैं। इससे पाकिस्तान की एयर सुपीरियॉरिटी और स्ट्राइक क्षमता में उल्लेखनीय इजाफा हो सकता है। पाकिस्तान एयरफोर्स ने इस सौदे को पहले ही मंजूरी दे दी है और पायलटों को चीन में ट्रेनिंग दी जा रही है। चीन ने कथित तौर पर पाकिस्तान को इस सौदे में 50% तक की छूट और लचीले भुगतान विकल्प दिए हैं, जो दोनों देशों के गहराते रणनीतिक संबंधों का प्रतीक है। वर्तमान में पाकिस्तान के लगभग 80% हथियार चीन से आते हैं। J-10C फाइटर जेट और HQ-9 एयर डिफेंस सिस्टम जैसे हथियारों का इस्तेमाल पाकिस्तान ने हाल ही में भारत के साथ सैन्य टकराव के दौरान किया था।



**आर्थिक संकट के बीच सैन्य खर्च**

पाकिस्तान का यह सैन्य उभार ऐसे समय में हो रहा है जब देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। पाकिस्तान पर चीन का 15 अरब डॉलर का कर्ज पहले ही आ रहा है। इसके अलावा, पाकिस्तान IMF से 6-8 अरब डॉलर के राहत पैकेज की मांग कर रहा है। कुल 269 अरब डॉलर के कर्ज में डूबा देश अपनी GDP का 1.9% से अधिक सिर्फ कर्ज चुकाने में खर्च कर रहा है। ऐसे में सामाजिक कल्याण, शिक्षा और आधारभूत ढांचे पर खर्च के लिए सरकार के पास सीमित संसाधन हैं।

### भारत के साथ बढ़ेगी तनाव की आशंका

J-35A जैसे स्टील्थ जेट की खरीद से भारत-पाक संबंधों में और तनाव आ सकता है। पाकिस्तान जहां कूटनीतिक मंचों पर संयम और बातचीत की वकालत कर रहा है, वहीं अंदरखाने वह अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ाने में लगा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने हाल ही में चीन, खाड़ी देशों, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र से संपर्क साधा है ताकि भारत को "आक्रामक" और पाकिस्तान को "स्थिरता लाने वाला" देश बताकर वैश्विक समर्थन जुटाया जा सके। चीन में इस सौदे को लेकर भी विवाद छिड़ गया है। चीनी सोशल मीडिया पर नागरिकों ने सरकार के इस कदम को वित्तीय और रणनीतिक रुप से लापरवाह बताया है।

### भुखमरी से जूझ रहा पाकिस्तान

वर्ल्ड बैंक की 'पावर्टी एंड शेयर्ड प्रॉस्पेरिटी' रिपोर्ट के अनुसार, 2011-12 में भारत की कुल आबादी का 27.1% अत्यंत गरीबी में जी रहा था, लेकिन 2022-23 तक यह आंकड़ा घटकर केवल 5.3% रह गया। यानी 344.47 मिलियन (34.4 करोड़) की जगह अब 75.24 मिलियन (7.5 करोड़) लोग ही गरीबी रेखा से नीचे हैं- यानी 26.9 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया, जो पाकिस्तान की पूरी आबादी से भी ज्यादा है।इसके विपरीत, पाकिस्तान में 2017-18 से 2020-21 के बीच अत्यंत गरीबी 4.9% से बढ़कर 16.5% हो गई। यानी सिर्फ़ पांच साल में हालात तीन गुना खराब हो गए।

### लव ट्रांएगल में हुआ खौफनाक कत्ल

## ट्रॉली बैग में भरा और फिर आइसक्रीम फ्रिजर में रखा शव

**धलाई ● एजेंसी**

त्रिपुरा के धलाई जिले के गंडाचेरा बाजार में एक सनसनीखेज हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। 24 वर्षीय युवक शरीफुल इस्लाम की गला घोंटकर हत्या कर दी गई और उसके शव को एक आइसक्रीम फ्रीजर में छिपा दिया गया। इस जघन्य अपराध में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक डॉक्टर और उसके माता-पिता भी शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में इस हत्या का कारण लव ट्राएंगल बताया जा रहा है।क्या है पूरा मामला?पुलिस के अनुसार, शरीफुल इस्लाम अगरतला स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रीशियन के रूप में कार्यरत थे। उसका एक 20 वर्षीय युवती के साथ प्रेम संबंध था। दूसरी ओर, युवती का चचेरा भाई, डॉ. दिबाकर साहा (28), भी उसी युवती से प्रेम करता था। इस लव ट्राएंगल के चलते दिबाकर ने शरीफुल को रास्ते से हटाने की साजिश रची। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुए झगड़े के बाद से प्रेमी युगल एक-दूसरे से बात नहीं कर रहे थे और चचेरे भाई को इसकी भनक लग गई।पश्चिम त्रिपुरा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण कुमार ने बताया कि 8 जून की रात को दिबाकर ने शरीफुल को दक्षिण इंद्रनगर में जॉयदीप दास के घर पर गिफ्ट देने के बहाने बुलाया। वहां पहुंचने पर दिबाकर ने अपने साथियों- जॉयदीप दास (20), अनिमेष यादव (21), और नबनिता दास (25) के साथ मिलकर शरीफुल का गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद, शव को एक ट्रॉली बैग में पैक किया गया और उसे दूसरी जगह ले जाया गया। उन्होंने शव को, जो पहले एक रेफ्रिजरेटर में रखा गया था, उसे गंडाचेरा ले जाकर अपने आइसक्रीम की दुकान पर फ्रीजर में छिपा दिया।

### अमेरिकी परिवहन सचिव ने कहा- कोई जरूरत नहीं...

## हादसे के बाद भी विमानों की उड़ान पर रोक नहीं लगाएगा अमेरिका

**न्यूयॉर्क ● एजेंसी**

अहमदाबाद में हुई भयावह एयर इंडिया विमान दुर्घटना के बाद, अमेरिका के शीर्ष परिवहन अधिकारियों ने कहा है कि अभी के लिए बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की उड़ानों को रोकने की कोई

**सुरक्षा**

तात्कालिक आवश्यकता नहीं है। अमेरिकी परिवहन सचिव सीन डफी और एफएए (फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन) के कार्यवाहक प्रशासक क्रिस रोशेलो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस दुर्घटना से जुड़े वीडियो क्लिप्स देखे हैं, लेकिन अभी तक ऐसा कोई तकनीकी या सुरक्षा डेटा नहीं मिला है जिससे यह साबित हो सके कि विमान मॉडल (बोइंग 787) में ही कोई अंतर्निहित खराबी है।

सीन डफी ने कहा, उन्हें जमीन पर जाकर जांच करनी होगी। लेकिन फिलहाल, यह निष्कर्ष निकालना बहुत जल्दबाजी होगी। लोग वीडियो देखकर अंदाजा लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हुआ, लेकिन यह कभी भी एक मजबूत या समझदारी भरा तरीका नहीं होता। डफी ने यह भी बताया कि एफएए और एनटीएसबी (नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड) बोइंग और इंजन निर्माता जीई एयरोस्पेस के साथ मिलकर इस दुर्घटना की जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। अमेरिका की एक विशेषज्ञ टीम भारत के लिए रवाना हो चुकी है ताकि स्थानीय अधिकारियों की जांच में सहयोग कर सके।




**फिलहाल बोइंग 787 के उड़ानों को हरी झंडी**

इस बीच, अमेरिका की ओर से बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों को लेकर कोई उड़ान प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, लेकिन अधिकारियों ने कहा है कि वे इस दुर्घटना की तह तक जाएंगे और यदि कोई खतरा सामने आता है तो उसे दूर करने में देर नहीं की जाएगी। क्रिस रोशेलो ने कहा, जैसे-जैसे हम जांच की दिशा में आगे बढ़ेंगे, अगर हमें किसी भी तरह का सुरक्षा संबंधी जोखिम नजर आता है, तो हम तुरंत कार्रवाई करेंगे और उन जोखिमों को कम करने के उपाय करेंगे। डफी ने स्पष्ट किया कि अमेरिका भारत में हो रही जांच में हर संभव मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम तैयार हैं कि यदि जरूरत हो तो और विशेषज्ञ भेजें ताकि हमारे पास वह सटीक डेटा हो जो हमें यह सुनिश्चित करने में मदद करे कि यात्रियों की सुरक्षा बनी रहे।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)